

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 23 अक्टूबर 2024

संवत 2081, कार्तिक कृष्ण पक्ष-6 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 46 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ हिंदुओं के लिए सौ फीसदी मतदान क्यों आवश्यक

अनिल कपूर ने ठुकराया करोड़ों का ऑफर,पान मसाला का विज्ञापन करने से किया इंकार ◀◀ 6


## घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव परिजनों ने जहर देकर हत्या करने का लगाया आरोप

मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी रांची के सुखदेव नगर इलाके में एक युवक की संदेहास्पद मौत हो गई है। परिजनों ने कुछ लोगों पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसके बेटे को जहर देकर मार डाला है। सुखदेव नगर पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

**क्या है पूरा मामला**

रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के यमुना नगर में रहने वाले निरंजन नाम के युवक की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उनके बेटे की जहर देकर हत्या की है। मृतक के पिता बिहारी प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा मंगलवार की रात करीब 12 बजे घर लौटा था, सुबह चार बजे के करीब जब निरंजन का छोटा भाई उसे उठाने गया, तो देखा की निरंजन के मुंह से झाग निकल रहा है और वह अचेत पड़ा हुआ है। जिसके बाद निरंजन को तुरंत इलाज के लिए रिम्स अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**हत्या की आशंका**

निरंजन के मौत से सदमे में आये पिता बिहारी प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा ईंट-बालू की सप्लाई का काम किया करता था। मंगलवार की रात वह 12 बजे के करीब घर लौटा था। उस समय वह बिल्कुल ठीक था। पिता ने बताया की उसके बेटे को शराब में जहर देकर मार डाला गया है। पुलिस जांच करेगी तो सब सामने आ जाएगा।

**शव रिम्स में, जांच के बाद कार्रवाई**

निरंजन के संदेहास्पद मौत को लेकर सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि शव अभी घर में ही है। परिजनों ने जो आरोप लगाए हैं उसकी जांच के बाद आगे की कारवाई की जाएगी। अभी तक परिजनों को तरफ से कोई आवेदन भी नहीं आया है। पोस्टमार्टम के बाद जो भी मामला होगा सामने आ जाएगा।

## बिरसा मुंडा जेल में तीन घंटे तक चली छापेमारी खंगाला गया कैदियों का एक-एक वार्ड



मेट्रो रेज

**रांचीः** राजधानी पुलिस और जिला प्रशासन के द्वारा रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बुधवार की अहले सुबह छापेमारी की गई। जेल के अंदर कुख्यात से लेकर अन्य कैदियों के भी वार्ड खंगाले गए। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी जेल में सब कुछ समान्य मिला। पुलिस को जेल में ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जो आपत्तिजनक हो।

**रेड में 200 से ज्यादा अधिकारी–पुलिस बल शामिल**

**रांची डीसी** कार्यालय से दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक (नगर) रांची और अनुमंडल दंडाधिकारी सदर, रांची के नेतृत्व में केंद्रीय कारा, होटवार में औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान किसी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। छापेमारी में पुलिस उपाधीक्षक, सदर, कार्यपालक दंडाधिकारी, रांची, थाना प्रभारी सदर, खेलगांव के अतिरिक्त 12 सब इस्पेक्टर और पुलिस बल शामिल थे। लगभग तीन घंटे तक चली इस रेड में जेल के भीतर सब कुछ सामान्य पाया गया।

**हर वार्ड की हुई चेकिंग**

**रांची डीसी** कार्यालय से दी गई जानकारी के अनुसार छापेमारी दल में शामिल जवानों की अलग-अलग 16 टीम बनाकर सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल के साथ-साथ जेल अस्पताल की भी जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। इस दौरान केंद्रीय कारा के जेलर एवं जेल सुपरिटेंडेंट भी उपस्थित रहे, जिनसे अधिकारियों ने केंद्रीय कारा की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अस्पताल की व्यवस्था, रसोई घर और कैदियों से मुलाकात की व्यवस्था आदि की जानकारी ली।

## खाना मांगा तो मुंह पर फेंक दिया, गुस्साए ससुर ने कर दिए बहू के कई टुकड़े



**धनबादः** गोमो के जीतपुर जमुनिया नदी में एक महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला की पहचान बोकारो जिले के नावाडीह थाना क्षेत्र के दहियारी गांव निवासी सूरज रजवार की पत्नी गीता देवी के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना के संबंध में बताया गया कि विगत 19 अक्टूबर की दोपहर लगभग 12 बजे महिला के ससुर मिलन रजवार ने अपनी बहू से खाना मांगा, लेकिन बहू ने खाना लाया और उनके शरीर के ऊपर फेंक दी। जिसके बाद उनके ससुर ने अपनी बहू को अकेला पाकर धारदार टांगी से हत्या कर दी। फिर ससुर ने उसके शव को कपड़े में लपेटकर साइकिल से धनबाद जिले के गोमो स्थित हरिहरपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया नदी में फेंक दिया। घटना के बाद महिला के पति सूरज रजवार द्वारा महिला के गुमशुदगी की सूचना बोकारो के नावाडीह थाना को दी। इस मामले की जांच का जिम्मा नावाडीह थाना के एसआई मो। शमीम अंसारी को मिला। एसआई मो। शमीम ने जांच के दौरान महिला के सभी परिजनों को थाना बुलाया।

इस दौरान महिला के ससुर मिलन रजवार ने घर के सदस्यों को कहा कि मैंने अपनी बहू की हत्या की है, इसलिए मैं सिर्फ थाना जाऊंगा। ससुर के बयान के बाद परिजन उसे थाना ले गए और उसकी निशानदेही पर महिला के शव को बरामद कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महिला का पति मजदूरी का कार्य करता है। महिला के ससुर ने बताया कि उसके पुत्र ने पिछले वर्ष इस महिला से कोर्ट मैरेज किया था। महिला पहले से ही शादीशुदा थी। उससे बच्चा भी है। मृतक गीता देवी बलियापुर थाना क्षेत्र के दूधिया की रहने वाली थी।

बोकारो के नवाडीह थाना के सब इंस्पेक्टर मो शमीम ने बताया कि 19 अक्टूबर से ही गीता देवी घर से गायब थी। पति के द्वारा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। ससुर ने बाद में कबूल किया कि उसने ही टांगी से मारकर उसकी हत्या की है। ससुर की निशानदेही पर नावाडीह थाना की पुलिस ने धनबाद के हरिहरपुर थाना क्षेत्र के एक नदी से शव को बरामद कर लिया है। शव कई टुकड़ों में है। ऐसा लगता है कि शव के कुछ टुकड़े ससुर ने इधर-उधर फेंक दिए हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक से शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस



**पलामूः** जिले के सदर थाना क्षेत्र के चियांकी में एक युवक का शव रेवले ट्रैक से बरामद हुआ है। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को रेवले ट्रैक पर फेंका गया है। युवक की पहचान मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के आबादगंज के शुभम अग्रवाल के रूप में हुई है। शुभम अग्रवाल पलामू कचहरी में मुंशी के काम में सहयोग करता था। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार ने बताया कि आशंका है कि युवक की हत्या कर शव को फेंका गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर विस्तार से जांच कर रही है। युवक के सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल भेज दिया है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है और पुलिस को कई बिंदुओं पर जानकारी दी है। परिजनों ने प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जाहिर की है। दरअसल बुधवार को स्थानीय ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक के बगल में गए तो देखा कि एक युवक का शव पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी जानकारी सदर थाना को दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची, जिसके बाद युवक की पहचान हुई। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी परिजनों को दी। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर कर बुरा हाल है और पूरे मोहल्ले में मातम छा गया है।



## गढ़वा से रांची आ रही बस से भारी मात्रा में गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**रांचीं :** गढ़वा से रांची आ रही बस से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ है। वहीं पुलिस ने गांजा तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, लोहरदगा एसपी हारिश बिन जमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कुडू चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को एक बस से 23 किलो गांजा मिला। बरामद गांजा की कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी जा रही है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है कि वह गांजा कहां से लेकर आ रहा था और इसकी सप्लाई कहां करनी थी। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सभी जगह चेक पोस्ट बनाकर वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इस दौरान लगातार नशीला पदार्थ और रुपये की बरामद हो रही है।

## तेजस्वी यादव की खुली चेतावनी : मुसलमानों पर बुरी नजर डालेगा तो ईंट से ईंट बजा देंगे



**पटना :** भाजपा के फायर ब्रांड नेता सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा को लेकर बिहार की सियासत गरमायी रही। इस बीच अररिया के भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इस यात्रा में एक ऐसा बयान दिया जिससे सियासी पारा और चढ़ा। प्रदीप सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि जिसे अररिया में रहना है उसे हिंदू बनना होगा। बयान वाला वीडियो वायरल होते ही भाजपा पर विपक्ष हमलावर हो गया। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी अब चेतावनी दी है। मुसलमानों के पक्ष में तेजस्वी यादव खुलकर उतरे हैं।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर कोई मुसलमानों पर बुरी नजर डालेगा तो राजद चुप नहीं बैठेगा। ऐसे लोगों के खिलाफ हम लोग ईंट से ईंट बजा देंगे। अगर बिहार में कोई अनहोनी होती है। दंगा होता है तो इसकी जिम्मेदार जदयू के नेता होंगे। तेजस्वी यादव ने यह बातें मंगलवार को फेसबुक लाइव आकर कही हैं।तेजस्वी यादव ने दो टूक कहा कि अररिया के सांसद की भाषा बेहद निंदनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इसी तरह केंद्रीय मंत्री गिरिराज की यात्रा भी सांप्रदायिकता फैला सकती है।

तेजस्वी यादव ने कहा कि सीमांचल में गरीब मुस्लिम और पिछड़ा और अति पिछड़ा हैं। उनकी भलाई के लिए काम नहीं किये जा रहे हैं। वहां सांप्रदायिक विभाजन की बात कही जा रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि दंगाइयों को राज्य में वाय सुरक्षा दी जा रही है।

तेजस्वी यादव ने बिहार के लोगों से अपील की कि नफरत की बात नहीं करनी है। हमें नया बिहार बनाना है। हर वर्ग को साथ-साथ रहना है। देश की आजादी और मजबूती में सभी ने योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बिहार में गोड़से के वंशेजों को आगे बढ़ा रही है। कहा कि राजद इसे स्वीकार नहीं करेगा। तेजस्वी यादव रांची से चतरा जाते समय फेसबुक लाइव हुए।

## राहुल गांधी को मिली जान से मारने की धमकी, फिर चर्चा में आया लॉरेंस बिश्नोई



**नई दिल्ली :** बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। इस बीच, कांग्रेस नेता और रायबरेली सांसद राहुल गांधी को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई है। धमकी भरे पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई की तस्वीर के साथ राहुल गांधी का नाम शामिल किया गया है। एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) के कार्यकर्ताओं ने इस मामले में वाराणसी के सिगरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की है कि धमकी देने वाले यूजर के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए। पोस्ट में केवल राहुल गांधी का ही नहीं, बल्कि एआईएमआई प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का भी जिक्र किया गया है। एनएसयूआई के पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषभ पांडे ने बताया कि एक यूजर, बुद्धादित्य मोहंती ने सोशल मीडिया पर राहुल गांधी को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट किया है, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई का महिमा मंडन भी किया गया है।

## दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण पर हरियाणा और पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के लगातार बिगड़ते हालात पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हरियाणा और पंजाब सरकारों को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने पराली जलाने के मुद्दे को लेकर सरकारों की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के उपायों में दोनों राज्य पूरी तरह से विफल साबित हुए हैं।

प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि दोनों सरकारें पूरी तरह से नाकाम साबित हुई हैं। पराली जलाने के खिलाफ कदम उठाने को लेकर कोई गंभीरता नहीं है। अदालत में गलत बयानी की जा रही है।



सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकार द्वारा पराली जलाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने पर कड़ी आपत्ति जताई।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर ये सरकारें वाकई कानून लागू करने में दिलचस्पी रखती हैं तो कम से कम एक मुकदमा तो होना ही चाहिए।सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव से कहा कि करीब 1080 उल्लंघनकताओं के खिलाफ ऋक्षफ़ दर्ज की गई, लेकिन आपने सिर्फ 473 लोगों से मामूली जुमार्ना वसूला है। आप 600 या उससे ज्यादा लोगों को छोड़ रहे हैं। हम आपको साफ-साफ बता दें कि आप उल्लंघनकताओं को यह संकेत दे रहे हैं कि उनके खिलाफ कुछ नहीं किया जाएगा। यह पिछले तीन सालों से हो रहा है।

## 'साइक्लोन 'दाना' के कहर मचाने से पहले ओडिशा में जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क टेंपल बंद, हाई अलर्ट घोषित

**भुवनेश्वर :** चक्रवाती तूफान 'दाना' के कारण ओडिशा में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर, राज्य सरकार ने प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क सूर्य मंदिर को अस्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। यह निर्णय तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा के लिए लिया गया है, क्योंकि तूफान के कारण तेज हवाएं और भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

ओडिशा के कई तटीय क्षेत्रों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है, और स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी है। राहत और बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीमें तैनात कर दी गई हैं।



तूफान 'दाना' की वजह से तटीय इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ की संभावना बनी हुई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। आईएमडी के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के क्षेत्र के चक्रवाती तूफान में तब्दील होने और 25 अक्टूबर की सुबह पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और दक्षिणी पश्चिम बंगाल के तटों को पार करने की आशंका है। इस दौरान, 100-110 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी, जो 120 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं।

पश्चिम बंगाल में 24 और 25 अक्टूबर को चक्रवाती तूफान 'दाना' के प्रभाव से कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना, और झाड़ग्राम जिलों के कुछ इलाकों में अत्यधिक बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही, कोलकाता, हावड़ा, हुगली, उत्तर 24 परगना, पुरुलिया, और बांकुरा जिलों में भी इन दो दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है, विशेष रूप से निचले इलाकों और तटीय क्षेत्रों में, जहां जलभराव और बाढ़ की स्थिति पैदा हो सकती है। राज्य प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं, और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

## न्यूज ब्रीफ



### सत्ता लोभी और दल बदलू से सिल्लीवासी सावधान रहें : देवेंद्रनाथ

**मुरीः** सिल्ली में विस चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दल द्वारा प्रत्याशियों की नाम एवं राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्र में से सिल्ली विधानसभा क्षेत्र विशेष हॉट सीट को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो अपने क्षेत्र में जनसंपर्क साध रहे हैं। कल मंगलवार को सिल्ली प्रखंड के उत्तरी एवं दक्षिणी बंता पंचायत में दौरा किया गया एवं विधिवत कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया। बंता पंचायत के चोकेसेरेंग, कोकालगाम, बिंदीटांड, डुमरटांड, बासुडीह, सालीसेरेंग, लाम्दु, खाटंगा गांव में भ्रमण किया गया। जन संबोधन के दौरान वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक पर इशारा करते हुए कहा कि राज्य के इतिहास में सबसे अधिक दिनों तक सत्ता पर सत्ताधीश बने रहे लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं किया। और इस बार सिल्ली वासियों को विशेष रूप से खतियान का झांसा देखकर दल बदलू नेता से भी सावधान रहने की आवश्यकता है ज्ञात हो कि देवेंद्र नाथ महतो 26 अक्टूबर को अपने नामांकन का पर्चा दाखिल करेंगे।कार्यालय उद्घाटन के दौरान पंचायत प्रभारी प्रकाश महतो, खुदीराम,अजीत,राजकिशोर, बबलू, सुकराम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मुरम पथ ढहने से स्कूली बच्चों हो रही परेशानी



**सिल्लीः** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिटकाडीह चातमबाड़ी में विधायक मद से बना मिटटी मुरम पथ ढह जाने से ग्रामीणों एवं स्कूल जाने वाले बच्चों को रोज दिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया बीते एक साल पूर्व यह पथ बना है और पहली बारिश में ही ढह गया है आवागमन की समस्या जस का तस बना हुआ है। मजे की बात है की ग्रामीणों ने बताया इस मिटटी मुरम पथ निर्माण में जो कोलभेट लगा है कई वर्षों से पास के ही चेकडैम के समीप फेंका हुआ था, जिसको लाकर ऊपर से मिट्टी डाल दिया गया है। लोगों ने यह भी बताया की इस क्षेत्र में विकास के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई का खुलेआम लूट है गांव के पास पुल बन रहा है जो वर्षों से अधूरा है, सिंचाई के नाम पर लाखों की लागत से पाटका सोतीया में श्रृंखलाबद्ध चेक डैम बना है जिसका लाभ किसानों को केवल कागजों में ही मिल है।

### हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, दो की मौत

**रांचीः** रिंग रोड में हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना धुर्वा थाना क्षेत्र सीठियो स्थित रिंग रोड के पास हुई है। मृतक युवक की पहचान ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के गुड़गांव का रहने वाला आशीष और अजय के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि दोनों युवक बाइक पर सवार होकर रिंग रोड से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से जा रही हाइवा ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। मौके पर ही दोनों युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों शव को कब्जे में ले लिया।

### गिरिनाथ सिंह सपा में शामिल, करेंगे साइकिल की सवारी



**रांचीः** गढ़वा की राजनीति में पिछले चार-पांच महीने से हलचल पैदा करने वाले पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह मंगलवार की शाम अचानक समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। अब वह साइकिल की सवारी करेंगे। गढ़वा स्थित अपने आवास पर पत्रकारों की मौजूदगी में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। गिरिनाथ सिंह निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में थे और उन्होंने इसकी घोषणा भी की थी। लेकिन समझा जा रहा है कि सिंबल के चक्कर में उन्होंने समाजवादी पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया है। समाजवादी पार्टी में शामिल होने के बाद अब उन्हें साइकिल चुनाव चिन्ह मिल जाएगा। बताया जाता है कि अखिलेश यादव भी प्रचार में आ सकते हैं। बता दें कि गिरिनाथ सिंह पिछले 4 महीने से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा निकाल कर एक-एक गांव में घूम रहे हैं। सिंह के मैदान में आने के बाद गढ़वा का राजनीतिक परिदृश्य बदला-बदला सा है। यहां जेएमएम प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र तिवारी और गिरिनाथ सिंह के बीच ही चुनावी मुकाबला होने वाला है। गिरिनाथ सिंह लगातार पांच बार गढ़वा से विधायक चुने जा चुके हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चतरा से चुनाव लड़ने के लिए भाजपा छोड़ राजद में शामिल हुए थे। लेकिन यह सीट कांग्रेस के खाते में थी इसलिए वह चुनाव नहीं लड़ पाए थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब हिंसा की भाषा पर उतर आए हैं : प्रतुल शाहदेव

**रांचीः** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत के सोरेन के विपक्षियों के सर फोड़ देने के बयान पर आपत्ति जताई है। कहा है कि झामुमो पूरी तरह निराश और कुंठा के दौर से गुजर रही है। मुख्यमंत्री ने सीधे तौर पर विपक्षियों के खिलाफ सर फोड़ने तक का आह्वान कर दिया है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं होता। इससे पूर्व भी मुख्यमंत्री झारखंड के ग्रामीणों को गैर कानूनी रूप से आह्वान कर चुके थे कि कुछ चुनिंदा सामाजिक संस्थाओं के लोग अगर गांव में प्रवेश करते हैं,तो उनको प्रवेश नहीं करने दें। लाठी डंडे से खदेड़ दें। प्रतुल ने कहा कि जब राज्य का मुखिया ऐसी भाषा का प्रयोग करें तो फिर कानून का राज कहां रह जाता है। प्रतुल शाहदेव ने झामुमो के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि सिर्फ तीन प्रतिशत बूथों में 4:00 बजे शाम तक वोटिंग होगी। जबकि झामुमो हजारों बूथों पर ऐसा होने का आरोप लगा रही थी। चुनाव की तिथियां को लेकर भी झामुमो आयोग पर आरोप लगाते रहा। अब ईवीएम पर भी प्रश्न कर रहे हैं। सारे क्रमवार घटनाओं से स्पष्ट हो गया है कि झामुमो समझ गई है कि प्रदेश की जनता इस भ्रष्ट सरकार को विदा करने वाली है।

# हमने 5 साल में 20 वर्ष का काम कर दिखाया : हेमंत सोरेन



मेट्रो रेज

**सरायकेलाः** पहले तो यह लोग बोलते थे कि आदिवासी लोग सरकार नहीं बना पाएंगे और बना भी लिया तो 5 साल तक चला नहीं पाएंगे। लेकिन हमने सरकार भी बनायी और सफलतापूर्वक पांच साल तक चलाया भी। साजिश करके सरकार गिराने का भरपूर प्रयास किया गया लेकिन वे सफल नही रहे। यह बातें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को चांडिल में विधायक सविता महतो के नामांकन जनसभा में कहीं।

ईचागढ़ विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी सविता महतो ने मंगलवार को नामांकन दाखिल किया। चांडिल अनुमंडल कार्यालय में नामांकन पर्चा दाखिल कर सविता महतो गांगोडीह में आयोजित जनसभा में पहुंची। जहां हेलीकॉप्टर से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल होने पहुंचे। इस जनसभा को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने सविता महतो के पक्ष में मतदान की अपील की।

सीएम हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा-आजसू गठबंधन को किसी हाल में सत्ता में आने नहीं दिया जाएगा। पांच साल सत्ता से बाहर रहने के कारण इनकी बौखलाहट इस कदर हावी रही कि हर दिन सरकार गिराने की साजिश रचते रहे। मगर हमारी सरकार ने पूरी ताकत से उनका मुकाबला दिया। हमारी सिंगल इंजन की सरकार उनके डबल इंजन की सरकार से बेहतर चला। एकबार फिर से झारखंड में इंडिया गठबंधन की वापसी होने जा रही है। राज्य की जनता उनके झांसे में नहीं आने वाली है। 1136 हजार करोड़ राज्य का केंद्र पर बकाया है जो राशि नहीं दे रहे हैं। महंगाई इन्हीं के चलते बढ़ रही है।

विपक्ष द्वारा बाहरी बताकर दुष्प्रचारित करने पर मंच से सविता महतो ने जनता से मार्मिक अपील करते हुए कहा कि एक शहीद परिवार की बहू को बाहरी बताकर अपमानित किया जा रहा है। चुनाव में इसका जबाब देने की जरुरत है। वहीं उसके लिए हमारी सरकार लड़ रही है। इस मौके पर आजसू नेता कार्तिक महतो और कपाली नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष सरवर आलम ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थामा। सभी का मुख्यमंत्री ने पार्टी का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भोजपुरी गीत का वीडियो लॉन्च



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के लिए 22 अक्टूबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन के पहले दिन हालांकि सभी 38 विधानसभा क्षेत्रों में से किसी में नामांकन नहीं हुआ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इस चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि इस चरण में क्षेत्रफल के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा विधानसभा क्षेत्र मांडू है जबकि, झरिया सबसे छोटा है वहीं जनसंख्या के दृष्टिकोण से सबसे बड़ा बोकारो विधानसभा क्षेत्र है और सबसे छोटा सिल्ली है।

इसी प्रकार तरह सर्वाधिक मतदाता के दृष्टिकोण से बोकारो सबसे बड़ा और लिट्टीपाड़ा सबसे सबसे कम मतदाता वाला क्षेत्र है। इन 38 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुष मतदाता 62,79,029 और महिला मतदातओं की संख्या 60,79,019 है जबकि, थर्ड जेंडर मतदाताओं की कुल संख्या 147 है। कुल मतदान केंद्रों की संख्या 14,218 है, इनमें 2,414 केंद्र शहरी क्षेत्र में और 11,804 मतदान केंद्र ग्रामीण इलाके में हैं।

**प्रथम चरण के लिए अब तक 57 नामांकन**

प्रथम चरण के चुनाव के लिए अब तक कुल 57 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा भरा है। मंगलवार 22 अक्टूबर को 32 लोगों ने नामांकन किया है। इस चरण के लिए नामांकन 25 अक्टूबर तक भरे जाने हैं। इसके अलावा अब तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के कुल 12 मामले दर्ज हुए हैं। उन पर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। सर्वाधिक आठ मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुए हैं। वहीं एक-एक मामले रांची, सरायकेला-खरसांवा, धनबाद और सिमडेगा जिले में दर्ज हुए हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनावी गतिविधि को प्रभावित करनेवाले तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। राज्य में कुल 290 चेकपोस्ट बनाये गये हैं। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 12।5 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त किये गये हैं।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित भोजपुरी गीत का वीडियो भी जारी किया गया। इसके गीतकार और संगीत संयोजक संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार हैं।

### लुईस मरांडी ने गुरु जी से लिया आशीर्वाद

**रांची :** पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की है और उनका आशीर्वाद लिया है। बता दें कि सोमवार को ही लुईस मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हुई हैं। दरअसल लुईस मरांडी दुमका से चुनाव लड़ना चाहती हैं लेकिन बीजेपी ने उन्हें बरहेट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया गया था। जिसके बाद उन्होंने बरहेट से चुनाव लड़ने से साफ मना कर दिया और वह नाराज होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गईं। झामुमो में शामिल होते ही उन्होंने बीजेपी पर जमकर हमला किया। लुईस ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए बीजेपी छोड़ने की वजह भी बताई। लुईस मरांडी ने कहा कि बीजेपी छोड़ने की सबसे बड़ी वजह यह रही कि उन्हें बरहेट से चुनाव लड़ने के लिए कहा जा रहा था। जबकि उन्होंने पिछले 24 वर्षों से दुमका की जनता का सेवा की है। लुईस मरांडी ने कहा कि जब वे मंत्री थीं उस समय भी उन्होंने दुमका और उसके आसपास जामताड़ा, जामा की जनता की भरपूर सेवा की। मगर इसका कोई ख्याल बीजेपी के नेतृत्व ने नहीं रखा।

## जावेद मंसूरी के नेतृत्व में सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाओं ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जावेद मंसूरी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे मुस्लिम महिलाओं को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने स्वागत करते हुए सदस्यता ग्रहण कराया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करती है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाया। किसी गरीब के बच्चे को भूखा सोने नहीं दिया।

देश में 80 करोड़ अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। माताओं और बहनों के लिए मोदी सरकार ने बहुत योजनाएं शुरू की हैं, उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। मोदी सरकार महिलाओं को लखपति बना रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों के मसीहा नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।

इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव का समय है। इस चुनाव में अपने पड़ोस के लोगों को भी भाजपा को वोट देने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में हेमंत सरकार ने झारखंड के लोगों को ठगा है। उन्होंने कहा था कि लोगों को 1 साल में 72000 रुपए देंगे।5 साल हो गए हेमंत सोरेन ने किसी को 72000 रुपए नहीं दिये। माताओं और बहनों को चूल्हा खर्च हर महीने 2000 रुपए देने की बात कही थी। 5 साल बीत गये, किसी को चूल्हा खर्च नहीं दिया।

हेमंत सरकार ने बेटियों से कहा था कि शादी होने पर सोने का सिक्का देंगे। एक भी लड़की को सोने का सिक्का नहीं दिया। वृद्ध, दिव्यांग को कहा था कि ढाई हजार रुपए महीने पेंशन देंगे, किसी को नहीं दिया। नौजवानों को 5 लाख नौकरी देने की बात कही थी। अपने पिताजी की कसम खाई थी, कहा था कि 5 लाख नौकरी नहीं देने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे। जो व्यक्ति पिताजी की कसम खाकर पूरा नहीं करता है, उन पर कौन भरोसा करेगा।

बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि 2019 के विधानसभा में कहा था कि बीए पास को 5000 और एमए पास को 7000 रुपए भत्ता देंगे। एक भी काम पूरा नहीं किया। जब चुनाव आ गया, तब नया तरकीब भिड़ाई। महिलाओं को अगस्त से 1000 रुपए देने लगे। इस अवसर पर जावेद मंसूरी ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी की नीति और सिद्धांत से प्रभावित होकर पार्टी के सदस्यता ली है। भाजपा महिला, मजदूर, गरीब सबका विकास करती है। उन्होंने अपनी योजनाओं में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया।

### राधाकृष्ण किशोर ने एक बार फिर बदला पाला, कांग्रेस में हुए शामिल



मेट्रो रेज

**रांचीः** पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एक बार फिर पाला बदला है। मंगलवार को उन्होंने एक बार फिर कांग्रेस का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में आयोजित मिलन समारोह में पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, प्रदेश कांग्रेस के वरीय को-ऑर्डिनेटर मोहन मार्क्रम ने राधाकृष्ण किशोर को पार्टी का पट्टा पहनाकर सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कहा कि राधाकृष्ण किशोर के कांग्रेस में आने से झारखंड में पार्टी को निश्चित रूप से नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि राधाकृष्ण किशोर जब विधायक थे तो अपने कार्यकाल के दौरान इन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी किया। अपने क्षेत्र के विकास के लिए वे सतत प्रयत्नशील रहे। लंबे राजनीतिक जीवन में इन्होंने हमेशा जनता के हितों और झारखंड की आर्थिक समृद्धि के बारे में चिंता की। वहीं इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि राधाकृष्ण किशोर आर्थिक मामलों के अच्छे जानकार हैं और क्षेत्र के विकास के लिए विशेष रूप से हमेशा वित्तीय प्रबंधन की सिफारिश किया करते हैं। विगत चार दशक से व्यक्तिगत और राजनीतिक रूप से किशोर जी के साथ आर्थिक और राजनीतिक मसलों पर विमर्श होता रहा।इन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई कार्य किए और उग्रवाद प्रभावित छतरपुर विधानसभा को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया।

वहीं कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों के कारण मुझे कांग्रेस से दूर होना पड़ा था, लेकिन मैं जहां भी रहा कांग्रेस की नीतियों और सिद्धांतों से बंधा रहा। अपने राजनीतिक जीवन में मैंने इंदिरा जी को अपना आदर्श माना है और आज भी कांग्रेस के साथ मेरा अटूट रिश्ता है। आने वाले विधानसभा चुनाव में सिर्फ छतरपुर विधानसभा ही नहीं, पूरे पलामू प्रमंडल और राज्य स्तर पर महागठबंधन और कांग्रेस की मजबूती दिखेगी।

राधाकृष्ण किशोर संयुक्त बिहार के समय विधायक और मंत्री रहे हैं। हाल के वर्षों में राधाकृष्ण किशोर पाला बदलते रहे हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद राधाकृष्ण किशोर जदयू, भाजपा, आजसू और राजद में थे। लेकिन एक बार फिर कांग्रेस का दामन थामा है।

### माले ने बाबूलाल मरांडी के सामने राजकुमार यादव को उतारा, निरसा से अरूप चटर्जी

**रांचीः** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने बाबूलाल मरांडी के सामने राजकुमार यादव को विधानसभा चुनाव में मैदान में उतारा है। साथ ही निरसा से अरुप चटर्जी और सिंदरी सीट से चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो को टिकट दिया है।

आज 22 अक्टूबर 2024 भाकपा माले राज्य कमिटी ने इस आशय की सूचना जारी की है। कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में राज्य में भाजपा की पराजय सुनिश्चित करने और इंडिया गठबंधन की जीत के लिए तमाम लोकतांत्रिक शक्तियों से एकजुट होने का आहवान पार्टी करती है। भाकपा माले उन्हीं सीटों पर अपने उम्मीद्वारों को उतारेगी जहां पार्टी भाजपा को शिकस्त देने की स्थिति में है। पार्टी ने आगे कहा है, चूंकि गठबंधन की अभी बातचीत पूरी नहीं हुई है, इसलिए राज्य कमिटी शेष सीटों और उनके उम्मीदवारों की सूची जल्दी ही जारी करेगी। भाकपा माले ने अपनी सीटों पर जनसंघर्षों में तपे-तपाए कार्यकताओं को ही उतारा जो जनहितों के प्रति संकल्पित हैं। झारखंडी जनता की आकांक्षाओं को मूर्त करने के लिए सड़क पर लड़ते रहे हैं।

### सीसीएल की चार खदानों को मिला 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार




**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की चार खदानों मगध, अम्रपाली, नॉर्थ उरीमारी, और अशोका को कोयला एवं लिग्नाइट खदानों के लिए स्टार रेटिंग पुरस्कार के भव्य कार्यक्रम में प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय कोयला और खान मंत्री जी। किशन रेड्डी और माननीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, कोयला मंत्रालय की अपर सचिव विस्मिता तेज , रूपिन्दर बरार, कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन पीएम प्रसाद , सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, सीसीएल के निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) सतीश झा, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। 5-स्टार रेटिंग इन खदानों द्वारा स्थायी खनन प्रथाओं, पर्यावरणीय मानदंडों के अनुपालन और सामाजिक और आर्थिक विकास में उनके योगदान की उत्कृष्टता को दशार्ती है। यह मान्यता सीसीएल की जिम्मेदार खनन के प्रति प्रतिबद्धता और पर्यावरणीय संरक्षण एवं समुदाय कल्याण को प्राथमिकता देने की दिशा में उसके प्रयासों का प्रमाण है। इस अवसर पर कोयला मंत्री जी। किशन रेड्डी ने सीसीएल के प्रयासों की सराहना की और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा के लिए स्थायी खनन प्रथाओं के महत्व पर बल दिया। कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कोयला खनन में नवीनता और सर्वोत्तम प्रथाओं की भूमिका पर जोर दिया, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े और कार्यक्षमता अधिकतम हो। सीएमडी सीसीएल निलेन्दु कुमार सिंह ने इस पुरस्कार को प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया और संचालन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ पर्यावरणीय और सामाजिक जिम्मेदारी के उच्चतम मानकों का पालन करने की सीसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# झारखंड में चक्रवाती तूफान 'दाना' मचाएगा कहर, कई ट्रेनें रद्द

मेट्रो रेज

**रांची:** अंडमान सागर और उससे सटे पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दवाबका क्षेत्र पाश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है। 23 अक्टूबर को यह चक्रवात में तब्दील होने की उम्मीद है। रांची के मौसम केंद्र के अनुसार 24 अक्टूबर की रात और 25 अक्टूबर को उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ते हुए ओडिशा के पुरी और सागर द्वीप के बीच यह सिस्टम तट से टकराएगा। इस दौरान यह सीवियर साइक्लोनिक स्ट्रोम का रूप ले लेगा। जिस समय यह तटीय इलाके में प्रवेश करेगा, उस समय इस तूफान की स्पीड 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। इस बीच 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चलेंगे।

रांची मौसम केंद्र के निदेशक और वरिष्ठ मौसम पूवार्नुमान वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि लो प्रेशर एरिया के साइक्लोन में तब्दील होने के बाद यह 'दाना' के नाम से जाना जाएगा। 'दाना' कतर द्वारा दिया गया नाम है, जिसका अर्थ होता है खूबसूरत अनमोल मोती।



अंडमान सागर और उससे सटे बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दवाब वाले क्षेत्र के सीवियर चक्रवात के रूप में ओडिशा के पुरी और सागर द्वीप के बीच में हीट करने का असर झारखंड के मौसम पर भी पड़ेगा। 23 अक्टूबर की शाम से ही राज्य में इस चक्रवात का असर दिखना शुरू हो जाएगा। राज्य के पूर्वी जिलों में 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके के साथ गर्जन, वज्रपात और हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है।

24 अक्टूबर 2024: 24 अक्टूबर को झारखंड के कोल्हान, मध्य इलाके में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे (50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके) खूंटी, सरायकेला, खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

25 अक्टूबर 2024: मौसम केंद्र रांची ने चक्रवातीय तूफान के प्रभाव से 25 अक्टूबर की सुबह से 26 अक्टूबर की सुबह तक राज्य के सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पाश्चिम सिंहभूम जिले में भारी से अत्यधिक भारी बारिश (12-20 उट) का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, गुमला, लोहरदगा, रांची, खूंटी, सिमडेगा और रामगढ़ में कई जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

26 अक्टूबर 2024: वहीं, 26 अक्टूबर को भी गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में कुछ जगहों पर भारी से अत्यधिक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**इन जिलों में मेघगर्जन–वज्रपात का ऑरेंज और येलो अलर्ट**

चक्रवातीय तूफान दाना के असर के चलते 24 से 26 अक्टूबर के बीच राज्य के पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में मेघ गर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चलेंगे। वहीं लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा हजारीबाग रांची रामगढ़ खूंटी बोकारो कोडरमा गिरिडीह धनबाद देवघर जामताड़ा दुमका पाकुड़ गोड्डा और साहिबगंज जिले में 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक के लिए मेघ गर्जन,वज्रपात और 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के झोंके चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम केंद्र,रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने खराब मौसम के दौरान लोगों से सावधानी बरतने, गर्जन ,वज्रपात और भारी बारिश के दौरान घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। भारी से अत्यधिक भारी वर्षा वाले क्षेत्र के लोग निचले इलाके में नहीं जाने की भी अपील की है।

**चक्रवातीय तूफान को लेकर मौसम विभाग का पूर्वानुमान**

23 अक्टूबर 2024 तक बंगाल की पूर्व-मध्य खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की प्रबल संभावना है। इसके बाद, उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए 24 तारीख की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गंभीर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर 2024 की सुबह के दौरान पुरी और सागर द्वीप के बीच उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तटों को 100-110 से 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ एक गंभीर चक्रवाती तूफान में पार करने की संभावना व्यक्त की गई है।

### चक्रवाती तूफान के कारण कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**ट्रेन संख्या 22824 नई दिल्ली –** भुवनेश्वर राजधानी (वाया - मूरी) यात्रा प्रारंभ दिनांक 23/10/2024 को रद्द रहेगी।
**ट्रेन संख्या 22823 भुवनेश्वर –** नई दिल्ली राजधानी (वाया - मूरी) यात्रा प्रारंभ दिनांक 25 /10/2024 को रद्द रहेगी।
**ट्रेन संख्या 18451 हटिया –** पूरी तपस्विनी एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 24/10/2024 को रद्द रहेगी।
**ट्रेन संख्या 18452 पूरी –** हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 24/10/2024 को रद्द रहेगी।
**ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर –** धनबाद गरीब रथ एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 24/10/2024 को रद्द रहेगी।
**ट्रेन संख्या 02831 धनबाद** - भुवनेश्वर गरीबरथ एक्सप्रेस यात्रा प्रारंभ दिनांक 24/10/2024 को रद्द रहेगी।
**ट्रेन संख्या 12875 पूरी –** आनंदविहार टर्मिनल एक्सप्रेस (वाया झ मूरी) यात्रा प्रारंभ दिनांक 25/10/2024 को रद्द रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ



### हुसैनाबाद से भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह ने पर्चा दाखिल किया

**रांची :** हुसैनाबाद से भाजपा उम्मीदवार कमलेश सिंह ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन भरने के बाद कमलेश सिंह कपूरी मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। सभा में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा मौजूद रहेंगे। पर्चा दाखिल करने के बाद कमलेश सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए फिर वह एक बार से चुनावी दंगल में है।

### उत्पाद विभाग ने अवैध शराब किया बरामद, दो गिरफ्तार

**रांची:** उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को उत्पाद विभाग की टीम ने नामकुम थाना क्षेत्र के राजाउलातू, इटकी थाना क्षेत्र के कुर्गी, अरगोड़ा थाना क्षेत्र के पिपरटोली और नगड़ी थाना क्षेत्र के जाजपुर में छापामारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा फरार अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### वोटिंग के दिन सार्जनिक अवकाश घोषित, आदेश जारी

**रांची :** राज्य सरकार ने 13 नवंबर और 20 नवंबर को वोटिंग के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है। कार्मिक ने मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया। बताते चलें कि झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होना है। पहले चरण के लिए 13 नवंबर को और दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में 43 और दूसरे चरण में 38 सीटों के लिए चुनाव होगा।

### अहोई अष्टमी पर संतान की दीघार्यु की कामना करेंगी महिलाएं

**रांची:** अहोई अष्टमी 24 अक्तूबर को मनाया जाएगा। यह पर्व करवां चौथ के बाद और दीपावली से 8 दिन पहले कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। अहोई अष्टमी तिथि की शुरूआत 23 अक्टूबर को रात्रि 1 बजकर 18 मिनट पर होगी। 24 अक्टूबर को रात्रि 1 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगा। इस दिन महिलाएं संतान की दीघार्यु सुख- समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखेंगी। इस साल अहोई अष्टमी पर साध्य योग के साथ पुष्प नक्षत्र बन रहा है। इस दिन अहोई की पूजा के लिए दीवार पर आठ कोष्टक वाली अहोई माता की तस्वीर बनाई जाती है।

## हेमंत सोरेन ने कल्पना और बसंत के साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन से लिया आशीर्वाद



मेट्रो रेज

**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने कल्पना मुर्मू सोरेन और बसंत सोरेन के साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन से आज आशीर्वाद लिया। चुनाव से पहले कुनबे का एक साथ दिशोम गुरु से मिलना काफी अहम माना जा रहा है। सीएम हेमंत सोरेन ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिये दी है। बता दें कि देर रात जेएमएम ने विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली लिस्ट जारी की है। सूची के मुताबिक हेमंत सोरेन बरहेट से, कल्पना मुर्मू गांडेय से और बसंत सोरेन दुमका से चुनाव लड़ेंगे।

### कांके से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे कमलेश राम

**रांची:** कांके विधानसभा सीट से कमलेश राम निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में है। वह आज पर्चा भी खरीदेंगे और 25 अक्टूबर को नामांकन करेंगे। उन्होंने इस बाबत एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर किया है और कहा है कि मैं जनता के आग्रह पर कांके विधानसभा के मान सम्मान व विकास के लिए निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहा हूं। मुझे विश्वास है कि आप मेरे साथ खड़े रहेंगे।₹ इस दौरान वह काफी भावुक भी दिखे। उन्होंने कहा है कि षडयंत्र के तहत उनको चुनाव लड़ने से रोका जा रहा है। बता दें कि बीजेपी की 66 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होने से पहले तक संभावित नामों की चर्चा में कांके से कमलेश राम के नाम की चर्चा हो रही थी। लेकिन उनकी जगह जीतू चरण राम को टिकट दिया गया। ऐसे में कमलेश राम ने बागी तेवर अपना लिया है और वह निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। कमलेश राम कांके विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं। यही वजह है कि उन्होंने हमेशा से इसी इलाके से चुनाव लड़ा।

## मतदाता जागरूकता को लेकर एलईडी वैन रवाना



**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी वरुण रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार परिसर से एलईडी (वर्चुअल रियलिटी) वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीडीसी दिनेश कुमार यादव, परीक्ष्यमान सहायक दंडाधिकारी सह सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे। डीसी ने बताया कि रांची में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी सुनिश्चित कराई जा रही है। साथ ही मतदाताओं को जागरुक भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज डिजिटल वैन को रवाना किया गया है। यह वैन 7 विधानसभा क्षेत्रों के गांवों, कस्बों व टोलों में जाकर वर्चुअल तकनीक से लोगों को मतदान और चुनावी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देगी।

### मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित

**रांची:** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 (13 नवंबर) को लेकर पतरा गोंदा में समाजसेवी डॉ दीपक गुप्ता के नेतृत्व में, रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी के सहयोग से, स्वीप कार्यक्रम के तहत रांची विधानसभा क्षेत्र में एक विशेष मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में अधिक सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और उनके मतदान अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर सुंडील पंचायत की उप मुखिया श्रीमती नमिता देवी और आंगनबाड़ी सेविका श्रीमती सुमन देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में डॉ. दीपक गुप्ता ने कहा, ₹आपका एक वोट हमारे भविष्य की दिशा तय करता है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। डॉ. गुप्ता ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आह्वान किया। साथ ही, उपस्थित लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया, मतदान के दिन आवश्यक दस्तावेज, और सही तरीके से मतदान करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के हाथों में होगी भाजपा के प्रचार अभियान की कमान



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान की कमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के हाथों में होगी। इसको लेकर मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री बीएल संतोष ने पार्टी के शीर्ष नेताओं व चुनाव प्रबंधन टोली के साथ बैठक की। साथ ही इनके कार्यक्रमों व संगठनात्मक कार्यों की जानकारी ली। संतोष ने टिकट बंटवारे से असंतुष्ट नेताओ- कार्यकताओं से मिल कर उनकी नाराजगी दूर करने की बात कही। प्रदेश भाजपा की ओर विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छह चुनावी सभा कराने के साथ केंद्रीय नेताओं के कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श किया गया। झारखंड के हर प्रमंडल में पीएम मोदी की एक चुनावी सभा कराने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। झारखंड में पांच प्रमंडल हैं, लेकिन पार्टी ने संगठन के दृष्टिकोण से राज्य को छह प्रमंडलों में बांटा है। इसमें पलामू, संताल परगना, कोल्हान, उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर शामिल है। जबकि पार्टी का छठा प्रमंडल कोयलांचल है, जिसमें धनबाद, बोकारो, गिरिडीह शामिल हैं।

पार्टी की ओर से प्रयास किया जा रहा है कि चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से हो। साथ ही इस रैली में एनडीए के सभी सहयोगी दलों के नेता मौजूद रहें। झारखंड में पहले चरण में 13 नवंबर व दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। इधर पार्टी नेताओं का कहना है कि मोदी व शाह पार्टी के प्रमुख चेहरे और रणनीतिकार हैं। इनके नेतृत्व में भाजपा कई राज्यों में चुनाव जीत चुकी है।

झारखंड में प्रदेश भाजपा की कोशिश है कि मोदी सरकार के केंद्र में किये गये विकास कार्यों और राज्य में अपने शासनकाल के अनुभव को प्रमुखता से पेश करें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैलियां करेंगे। पार्टी के नेता स्थानीय मुद्दों के साथ हेमंत सरकार की ओर से किये गये झूठे वायदों पर निशाना साधेंगे, ताकि भाजपा को ज्यादा से ज्यादा जनसमर्थन मिल सके।

### दुमका में पोस्टल कर्मी ने लगाई फांसी

**रांची :** दुमका के रसिकपुर मोहल्ले में एक पोस्टल कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक ने मरने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा है। इसमें उन्होंने पाकुड़ के एसडीआई पोस्टल अधिकारी पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाय है। मृतक की पहचान अंजन कुमार दास (43) के रूप में हुई है। वह रसिकपुर स्थित मुनी बाबा कुटिया के पास अपने परिवार के साथ रहता था। पुलिस मामले की सूचना मिलने के बाद जांच में जुट गयी है। शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बालीजोर गांव का निवासी अंजन कुमार परिवार के साथ रसिकपुर स्थित मुनी बाबा कुटिया के पास रहता था। वह हेड पोस्ट ऑफिस में डाकिया के पद पर कार्यरत था। सुबह जब पत्नी रसोईघर गयी तो देखा की अंजन रसोईघर में फांसी पर लटका हुआ था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

### जेल का जवाब जीत से देंगे : हेमंत सोरेन

**रांची :** झारखंड में चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष चुनावी रण में उतर चुका है। इसी बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक ट्वीट के जरिए विपक्षी टीम भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि ₹जेल का जवाब जीत से। भाजपा की हर एक साजिश का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। जीतेगा झारखण्ड! ट्वीट में उन्होंने जेल से निकलने के बाद हाथ में लगाए मुहर की तस्वीर भी साझा की है। एक और ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि भाजपा द्वारा प्रायोजित मेरी जेल यात्रा के दौरान झारखंड की जनता ने जो समर्थन दिया, उसके लिए मैं सदा आभारी रहूँगा।

## अवैध शराब का कारोबार बढ़ा

मेंट्रो रेज

**रांची :** विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगते ही, झारखंड में बड़े पैमाने पर अवैध शराब बरामद होने लगे हैं। हर दिन झारखंड के किसी न किसी जिले में अवैध शराब बरामद होने की खबर आ रही है। लेकिन आचार संहिता से पहले इस तरह की कार्रवाई देखने को काफी कम ही मिलती है। जिस तरीके से आचार संहिता में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, इसी तरह से आचार संहिता लगने से पहले भी इस तरह की कार्रवाई हो तो राज्य में अवैध शराब के कारोबार पर काफी हद तक लगाम लग जाएगी। गौरतलब है कि झारखंड में विधानसभा चुनाव इस बार चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर और दूसरे चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में 13 जिलों की 30 सीटों पर मतदान होगा, जबकि दूसरे चरण में 16 जिलों की 36 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

आचार संहिता के दौरान जो अवैध शराब पकड़ी जाती है, उसे जब्त कर पुलिस उत्पाद विभाग को सौंप देती है। कई बार चुनाव आयोग की टीम, उत्पाद विभाग की टीम और पुलिस मिलकर अवैध शराब पकड़ने का ऑपरेशन भी चलाती है। इस दौरान देसी और विदेशी दोनों तरह की शराब पकड़ी जाती है। उत्पाद विभाग के अधिकारी के मुताबिक, इस शराब को बेचा नहीं जा सकता। यह किसी अकाउंट से नहीं होती। इन शराब की बोतलों पर रोड रोलर या फिर बुलडोजर चला दिया जाता है। या फिर बोतल को किसी बड़े गड्ढे में डालकर ठिकाने भी लगाया जाता है।

कार्यालय,
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची
(व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग)
(exmonitoringcellranchi@gmail.com)

**प्रेस विज्ञप्ति**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक–15/10/2024 को आदर्श आचार संहिता लागु कर दी गयी है। विधानसभा (आम) चुनाव, 2024 के पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा निर्वाचन से संबंधित भ्रष्ट आचरणों एवं किसी सदस्य द्वारा दी गई मौखिक शिकायतों को प्राप्त करने हेतु विभाग द्वारा Complaint Monitoring Control Room and Call Centre का अधिष्ठापन किया गया है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरान्त जिले के हेल्पलाईन नं०–**1800–345–3333** को Connect कर दिया गया है।

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित भ्रष्ट आचरणों के बारे में शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते है।

**नोडल पदाधिकारी,**
**व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग**
**–सह–उप विकास आयुक्त, राँची**

PR 339422 Ranchi (24-25)_D

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी**
**–सह–उपायुक्त, राँची**

## सुविचार

जीवन में सारा खेल बस विचारों का है...
विचार अच्छे रखिए सब अच्छा होगा...

## भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या

**दुनिया** के सबसे खराब वायु प्रदूषण वाले 30 शहरों में से 21 भारत में हैं। दुनिया भर के राजधानी शहरों में सबसे खराब वायु गुणवत्ता नई दिल्ली में है। नई दिल्ली में पार्टिकुलेट मैटर (पीएम 2.5) की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से लगभग 10 गुना अधिक है। इन शहरों में मौजूद भारी प्रदूषण यहाँ रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है, जो इन्हें हर गुजरते दिन के साथ कहीं ज्यादा बीमार बना रहा है। यदि जीवन प्रत्याशा के लिहाज से देखें तो भारतीय शहरों में मौजूद प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। जो हर भारतीय से उसके जीवन के औसतन 5.3 वर्ष छीन रहा है। भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण की समस्या के बीच सम्बंध आर्थिक विकास के लिए शहरी विरासत के सतत संरक्षण और उपयोग के विचार पर टिका है। टिकाऊ प्रथाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करके, शहर एक साथ वायु प्रदूषण का समाधान कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, ऐतिहासिक इमारतों का अनुकूली पुनः उपयोग नए निर्माण की आवश्यकता को कम कर सकता है, जिससे धूल और सम्बंधित वायु प्रदूषक कम हो सकते हैं। इसके अलावा, ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों में स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने से आर्थिक गतिविधियों को प्रदूषण-गहन उद्योगों से दूर पर्यटन जैसी अधिक टिकाऊ प्रथाओं की ओर स्थानांतरित किया जा सकता है। भारत जैसे विकासशील राष्ट्र, जहाँ शहरीकरण जारी है, पर्याप्त परिवहन प्रबंधन, उपयुक्त सड़कें और उद्योगों के अनियोजित वितरण जैसी सेवाओं की कमी के कारण वायु प्रदूषण की बढ़ती समस्याओं से पीड़ित हैं। शहरों में भीड़भाड़ वाली सड़कें वाहनों की औसत गति को कम करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों से होने वाला उत्सर्जन अधिक होता है, जिससे वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ता है और अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और जनसंख्या वृद्धि के साथ मिलकर वायु प्रदूषण के स्तर को बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, इन शहरी क्षेत्रों में जटिल और गहन मानवीय गतिविधियाँ प्रदूषकों के उत्सर्जन को बढ़ाकर समस्या को बढ़ा रही हैं। प्रदूषण और धुंध से निपटने के प्रयास अक्सर शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित होते हैं। इनकी रोकथाम के लिए सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देना या उद्योगों और निर्माण स्थलों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करना जैसे उपायों पर ही ध्यान केंद्रित किया जाता है। वहीं, आमतौर पर इन उपायों में ग्रामीण स्त्रोतों की अनदेखी कर दी जाती है। यही वजह है कि अपने इस अध्ययन में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए शोधकताओं ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रयास करने का सुझाव दिया है। निजी स्वामित्व वाली ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण को प्रोत्साहित करने से मौजूदा शहरी परिदृश्य को बनाए रखते हुए, वायु प्रदूषण में योगदान देने वाले शहरी फैलाव को कम किया जा सकता है। वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सतत शहरीकरण के लिए आवश्यक नीतियाँ बनानी अत्यंत जरूरी है। भारतीय शहरों में छोटे व्यवसायों और कारीगरों को समर्थन देने के लिए माइक्रोक्रेडिट और ऋण जैसे वित्तीय उपकरण अधिक से अधिक मात्रा में उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जो प्रदूषणकारी गतिविधियों से दूर जाने को प्रोत्साहित करेंगे। इसके अलावा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के उपयोग के लिए वित्तीय प्रोत्साहन राष्ट्रीय और नगरपालिका दोनों स्तरों पर लागू किया जा सकता है।

पर्यावरण सम्बंधी नीतियों को शहरी नियोजन को विरासत संरक्षण के साथ एकीकृत करना चाहिए, जैसा कि चीन के प्राचीन शहर पिंग याओ जैसे सफल मामलों से उजागर हुआ है। ऐसी एकीकृत नीतियों के माध्यम से शहरी फैलाव का प्रबंधन सीधे वायु प्रदूषण में कमी पर प्रभाव डाल सकता है। सामाजिक आवास या एसएमई के लिए ऐतिहासिक इमारतों के अनुकूली पुनः उपयोग को प्रोत्साहित करने से निर्माण-सम्बंधी वायु प्रदूषण को कम करने में योगदान मिल सकता है जो भारतीय शहरी केंद्रों में प्रमुख है। ऐतिहासिक शहरी क्षेत्रों के भीतर स्थानीय आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए वित्तीय नीतियों को आगे बढ़ाने से भारी उद्योगों पर निर्भरता कम हो सकती है और सांस्कृतिक उद्यमों और टिकाऊ पर्यटन जैसे कम प्रदूषण वाले क्षेत्रों को बढ़ावा मिल सकता है। भू-स्थानिक तकनीकों के साथ उपग्रह डेटा जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन तथा सम्बंधित स्वास्थ्य प्रभावों के स्थानिक-अस्थायी वितरण पैटर्न की निगरानी और मानचित्रण में बहुत मददगार हो सकता है। इसलिए, भारत जैसे विकासशील देशों में स्मार्ट शहरों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों से बचने के लिए टिकाऊ शहरी पर्यावरण के लिए उचित शहरी नियोजन और टिकाऊ उपाय किए जाने चाहिए। राष्ट्रीय और स्थानीय स्तरों के बीच नीतिगत सामंजस्य और समन्वय यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि शहरी विरासत संरक्षण के वित्तपोषण के लिए नवीन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, जिससे स्थायी विकास को बढ़ावा देकर अप्रत्यक्ष रूप से वायु गुणवत्ता प्रभावित हो। शहरी विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो टिकाऊ आजीविका को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय उपकरणों के साथ हमारी ऐतिहासिक शहरी विरासत के संरक्षण को एकीकृत करें। भारतीय शहर अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख सकते हैं और ऐसी नीतियों को अपना सकते हैं जो संरक्षण प्रयासों को आर्थिक प्रोत्साहन के साथ जोड़ते हैं। इसके अतिरिक्त एक शहरी वातावरण को बढ़ावा दिया जा सकता है जो न केवल अपने अतीत को संरक्षित करता हो बल्कि अपने नागरिकों के लिए एक स्वस्थ, कम प्रदूषित भविष्य भी सुरक्षित करता हो। चूँकि शहरी भारत विरासत के संरक्षण और सतत विकास की आवश्यकता के मध्य खड़ा है, ऐसे में नवीन वित्तपोषण तंत्र और नीतियाँ हैं अपनाना अपेक्षित है, जो इसके शहरों को सभी के लिए लचीले, समावेशी और प्रदूषण मुक्त आवासों में बदलने में सक्षम बनाएंगी।

# हिंदुओं के लिए सौ फीसदी मतदान क्यों आवश्यक

> लोकसभा और हाल ही में हुए दो विधानसभा चुनावों में हमने एक अजीब तरह की मानसिकता देखी। यानी मुस्लिम समुदाय को उनका विकास करने वाली सरकार से कोई लेना-देना नहीं है, उनके लिए सिर्फ मजहब ही मायने रखता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन जो सरकार पिछले दस सालों से ₹सबका साथ, सबका विकास₹ की नीति पर काम कर रही है, जिसकी योजनाओं का मुस्लिम समुदाय को भरपूर लाभ मिला है

**पंकज जगन्नाथ जयसवाल**

**लो**कसभा चुनाव और हाल में हुए हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे हिंदू समुदाय के लिए मूल्यवान सबक हैं। लोकसभा के नतीजों ने हिंदू समुदाय को जल्द ही जागने और एकजुट होने के लिए एक दिव्य चेतावनी के रूप में काम किया है। अगर हिंदू एकजुट नहीं हुए और सौ फीसदी मतदान नहीं किया, तो कुछ वंशवादी राजनीतिक दल, स्वार्थी बुद्धिजीवी और वैश्विक बाजार की ताकतें हम पर शरिया और वामपंथी संस्कृति थोप देंगी, हमारे डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को खारिज कर देंगी और हमारे सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक हालात पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान बना देंगी।

लोकसभा चुनाव के समय से हमने देखा है कि कैसे पूरे समाज में झूठी कहानियाँ फैलाई जा रही हैं। हिंदू समुदाय में कलह पैदा करने वाली दो झूठी कहानियाँ थीं कि अगर भाजपा सरकार फिर से चुनी गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा और आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के बाद जब लोगों को एहसास हुआ कि संविधान नहीं बदला जा सकता है और आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा तो भाजपा ने तीसरी बार हरियाणा जीता। अब जबकि संवैधानिक विमर्श विफल हो रहा है, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में नये-नये फर्जी विमर्श फैला रहे हैं और यह भविष्य के चुनावों में भी जारी रहेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए भ्रामक विमर्श यह है कि ₹अगर भाजपा सरकार फिर से चुनी गई, तो महाराष्ट्र गुजरात से जुड़ जाएगा।₹

कृपया ध्यान रखें कि जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद उस संगठन में बर्दाश्त नहीं किया जाता है जहाँ पीएम मोदी ने अपनी सोच विकसित की है; वे ₹राष्ट्र प्रथम₹ की मानसिकता, भावना और विचारों के साथ बने और बढ़े हैं। नतीजतन, उन्होंने पिछले दस वर्षों में कभी भी ऐसी गंदी राजनीति नहीं की है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। इस संबंध में जो झूठी कथा फैलाई जा रही है वह यह है कि महाराष्ट्र से उद्यम गुजरात में स्थानांतरित किए जा रहे हैं; यदि यह सच है, तो महाराष्ट्र आर्थिक निवेश में महत्वपूर्ण अंतर से भी नंबर एक कैसे रह सकता है? ये सभी फर्जी विमर्श लोगों को धोखा देने और सत्ता हासिल करने के लिए बनाए गए हैं। हमें इन झूठे विमर्श में से किसी के आगे झुके बिना एकजुट होकर मतदान करना चाहिए।

### मुस्लिम समुदाय की अजीब मानसिकता

लोकसभा और हाल ही में हुए दो विधानसभा चुनावों में हमने एक अजीब तरह की मानसिकता देखी। यानी मुस्लिम समुदाय को उनका विकास करने वाली सरकार से कोई लेना-देना नहीं है, उनके लिए सिर्फ मजहब ही मायने रखता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन जो सरकार पिछले दस सालों से ₹सबका साथ, सबका विकास₹ की नीति पर काम कर रही है, जिसकी योजनाओं का मुस्लिम समुदाय को भरपूर लाभ मिला है और अभी भी मिल रहा है, लेकिन विपक्षी उम्मीदवारों को सामूहिक रूप से वोट देने का कारण यह समझ में आया की वे सिर्फ मजहब और शरीयत पर भरोसा करते हैं और उन्हें उसके हिसाब से मनचाहा उम्मीदवार मिल सके। हालांकि, जिन इलाकों में हिंदू बहुसंख्यक हैं, वहां वे वोट नहीं देते या अपने परिवार के साथ पिकनिक पर जाते चले जाते हैं, वहां पर भी मुसलमानों ने विपक्षी उम्मीदवार को चुना; वह उम्मीदवार योग्य है या नहीं, यह अलग मुद्दा है, उसके पीछे का उद्देश हमे समझना होगा। कई हिंदू मानते हैं कि वोट देना व्यर्थ है (मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है)। नतीजतन, शहरों और महानगरों में मतदान प्रतिशत कम है। जो कोई भी विभिन्न राज्यों और भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के सभी पहलुओं में महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहता है, उसे बड़े संदर्भ यानी देश के बारे में सोचना चाहिए। हर वोट राज्य और राष्ट्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ आंतरिक और बाहरी दुश्मनों के खिलाफ संघर्ष में भी योगदान देता है। हमने अपने अद्भुत राज्यों और राष्ट्र में कई आपदाएँ देखी हैं, और हम ऐसी मानसिकता में गिर गए हैं जो कोई भी नहीं चाहता। हाल के दशकों में बनी ₹औपनिवेशिक मानसिकता₹ ने वंशवादी राजनीतिक दलों के निजी हितों की मदद की है, इसलिए वे ऐसी लाभकारी मानसिकता को बदलने के लिए अनिच्छुक हैं। अगर हम वास्तव में अपने आंतरिक और बाहरी विरोधियों में खौफ पैदा करना चाहते हैं, तो हमें वोट देना चाहिए। हिंदुओं का वोट देने का आग्रह अन्य धर्मों के प्रति शत्रुता पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि जब हिंदू समाज एक साथ काम करता है, तो इससे सभी को लाभ होता है और राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण के साथ काम करता है।

### सभी राजनीतिक दल एक जैसे नहीं होते

जब कोई देशभक्त ईवीएम का बटन दबाता है तो यह आंतरिक और बाहरी विरोधियों के सिर पर आघात पहुंचाता है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि दस साल बाद भी कई बाधाएं हैं। हाँ, सभी सहमत होंगे लेकिन हमें जीवन में अपने स्वयं के विशेष अनुभवों की जांच करनी चाहिए। हम जो कुछ भी हैं, वह हमारे पूर्वजों और परिवार की बाद की पीढ़ियों के श्रम का परिणाम है। इसी तरह इस विशाल देश में 24 करोड़ से अधिक परिवार हैं, जिनमें से प्रत्येक राज्य में लाखों परिवार हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी संस्कृति, राजनीतिक विचार और सभी स्तरों पर प्रशासन और शासन के रूप हैं। हालांकि जमीन पर बहुत प्रगति के सबूत हैं लेकिन महत्वपूर्ण लाभ लाने में कुछ साल लगेंगे। राज्यों को धर्म, सांस्कृतिक पहचान, राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने, सकारात्मक आर्थिक चक्र परिवर्तन, आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में विभिन्न ₹स्व₹-आधारित नीतियों और कार्यान्वयन और ₹स्व₹ की ओर बढ़ते हुए औपनिवेशिक मानसिकता को हटाने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महाराष्ट्र, झारखंड और अन्य राज्यों को राष्ट्र-प्रथम दर्शन का निर्माण करना चाहिए जो राष्ट्र के विकास और सुरक्षा के लिए सनातन धर्म की प्रासंगिकता को पहचानता हो और फिर ऐसी सरकार का चुनाव करें या फिर से चुनाव करें। राष्ट्र और राज्य विनाशकारी से रचनात्मक मानसिकता में बदल गए हैं और अगर हम इस मानसिकता को विकसित करना जारी रखते हैं तो हम निःस्संदेह एक या दो दशक में ₹विश्व गुरु₹ बन जाएंगे। ऐसा करने के लिए हमें चुनाव के दिन मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। याद रखें, हमने मूल रूप से प्रत्येक व्यक्ति की अपने जीवन के सभी पहलुओं में उन्नति में सहायता करने के लिए एक तरीका चुना है। एक लापरवाह मानसिकता के साथ एक उम्मीदवार जो केवल अपने परिवार या पार्टी के लिए काम करता है, अगर वह जीतता है तो आंतरिक सुरक्षा सहित सभी मोर्चों पर हमें सभी समस्याएं पैदा करेगा।

कुछ लोग मानते हैं कि सभी पक्ष समान हैं और नैतिक रूप से व्यवहार नहीं करते हैं। हाँ, हम सभी कुछ हद तक सहमत हो सकते हैं लेकिन जब हम हजारों साल पीछे देखते हैं और दुनिया भर के अन्य देशों से इसकी तुलना करते हैं, तो हम देख सकते हैं कि अतीत में जो परिदृश्य मौजूद था, वह आज भी कुछ हद तक मौजूद है। इन सभी परिस्थितियों के बावजूद हमारे पास ₹सर्वोत्तम उपलब्ध₹ को चुनने का विकल्प है, जिसका एजेंडा राज्य धर्म और राष्ट्र पहले₹ है, जो संविधान के विपरीत वक्फ बोर्ड अधिनियम को निरस्त करने या महत्वपूर्ण रूप से संशोधित करने के लिए काम करता है, संविधान के अनुसार समान नागरिक संहिता अधिनियम को लागू करने का प्रयास कर रहा है, सभी के लिए सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है और रोजगार पैदा करता है। हम एक ऐसी सरकार चुनना चाहते हैं जो विकास की योजना बनाए और प्रयास करे, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# विद्यालय, अब जिहाद की नई पाठशाला !

> इस्लाम की जानकारी देने वाले कई ऑनलाइन या ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर आप देखेंगे कि जिहाद को लेकर बहुत सफाई दी गई है, कहा गया है कि इसका उद्देश्य खून बहाना, स्थापित सरकारों के प्रति बेवफाई को प्रोत्साहित करना या किसी भी तरह से शांति को बाधित करना नहीं है। ऐसे सभी कार्य इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध हैं। (संदर्भ-अल इस्लाम)। लेकिन इसका व्यवहार जो कहा गया है उसके उलट दिखाई देता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद, लेबर जिहाद, वोट जिहाद, केमिकल जिहाद, शिक्षा जिहाद और भी ना जाने कितने प्रकार के जिहाद दुनिया भर में चल रहे हैं।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**वे**दमूर्ति श्रीराम शर्मा आचार्य गायत्री के महान उपासक एवं सनातन हिन्दू धर्म के श्रेष्ठ प्रचारकों में से एक हैं, उन्होंने कहा है कि व्यक्ति विचारों का पुंज है, जिसमें विचार नहीं, वह मनुष्य नहीं हो सकता।ह्य इसके सामान्य अर्थ समझें तो हम सभी किसी न किसी विचार से बंधे हैं, ये विचार फिर सकारात?मक या नकारात्मक किसी भी स्तर के हो सकते हैं। किंतु किसी शासन तंत्र में विचार का अर्थ, लोक का कल्याण एवं राज्य में जिसका भी शासन है उसके माध्यम से सर्वजन हित है। इसलिए जो शासकीय सेवा में रहते हैं, उनका भी विचार लोक का कल्याण है, ऐसा कदापि नहीं होता कि कोई अपने व्यक्तिगत विचारों को शासन का नाम दे। शासन की अपनी आचार संहिता है, जिसका उल्लंघन करने का हक किसी भी लोक सेवक को नहीं। किंतु इस वक्त लग रहा है कि भारत में एक अलग ही तरह का इस्लामिक फितूर चल रहा है, जहां देखों वहां तमाम घटनाएं घट रही हैं। जिनका कुल उद्देश्य गैर मुसलमानों को लक्षित करना है। इसे आप आधुनिक संदर्भों में जिहाद नाम भी दे सकते हैं। जिहाद शब्द सुनते ही कई प्रकार के विचार मन में कौंधते हैं। किसी इस्लाम को मानने वाले से पूछेंगे तो वह यही कहेगा कि जिहाद वास्तव में एक अच्छा अर्थ रखने वाला शब्द है। जिहाद का आशय है अल्लाह के मार्ग में अपनी क्षमता के अनुसार अपनी शक्ति का प्रयोग करना। कुरान में जिहाद शब्द का लगभग 36 बार उल्लेख किया गया है। कुरान के मुताबिक, जिहाद के दो प्रकार हैं, ह्यजिहाद अल अकबरह्ल, बड़ा जिहाद, जिसका अर्थ है श्रेष्ठ होना और ह्यजिहाद अल असगरह्ल, जिसका मतलब है बहुत छोटा। हदीस के मुताबिक, इस्लाम में जिहाद चार तरह का है- दिल से जिहाद, हाथ से जिहाद, जबान से जिहाद, सशस्त्र या तलवारी जिहाद। अब इस छोटे और बड़े जिहाद को कुछ इस तरह समझाया गया है। बड़ा जिहाद, मतलब ₹स्वयं के खिलाफ जिहाद₹ यानी अपने अहंकार को दबाने के लिए, बुरी प्रवृत्तियों और प्रवृत्तियों के खिलाफ संघर्ष। छोटा जिहाद एक ऐसे दुश्मन के खिलाफ लड़ना है जिसने हमला शुरू किया या जिसने अल्लाह की इबादत की स्वतंत्रता का अतिक्रमण किया है।

इस्लाम की जानकारी देने वाले कई ऑनलाइन या ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर आप देखेंगे कि जिहाद को लेकर बहुत सफाई दी गई है, कहा गया है कि इसका उद्देश्य खून बहाना, स्थापित सरकारों के प्रति बेवफाई को प्रोत्साहित करना या किसी भी तरह से शांति को बाधित करना नहीं है। ऐसे सभी कार्य इस्लाम की शिक्षाओं के विरुद्ध हैं। (संदर्भ-अल इस्लाम)। लेकिन इसका व्यवहार जो कहा गया है उसके उलट दिखाई देता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद, थूक जिहाद, लेबर जिहाद, वोट जिहाद, केमिकल जिहाद, शिक्षा जिहाद और भी ना जाने कितने प्रकार के जिहाद दुनिया भर में चल रहे हैं। फिर भले ही कोई इस्लामिक इस बात को स्वीकार न करे कि जिहाद के नाम पर कुछ गलत हो रहा है। परन्तु जो सामने तमाम प्रकार के चल रहे जिहाद हैं, उन सभी का एक की उद्देश्य दिखता है, गजबा-ए-हिंद और गजबा-ए-दुनिया! क्योंकि यदि जिहाद का अर्थ वास्तविकता में पाक होता हो आज यह नौबत ही नहीं आती कि विश्व के जितने भी आतंकवादी इस्लामिक संगठन जो मानवता पर अत्याचार कर रहे हैं वे उसे जिहाद करने और जिहाद के रास्ते पर होने का दावा करते। आप कोई भी मुसलमिनी आतंकवादी संगठन उठा लें। उदाहरण के तौर पर इन संगठनों को ले सकते हैं, जिन पर कि भारत सरकार ने प्रमुखता से प्रतिबंध लगा रखा है- लश्कर-ए-तैयबा, पासबान-ए-अहले हदीस, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-फुरकान हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल-अंसार, हरकत-उल-जेहाद-ए-इस्लामी, अंसार-उल-उम्मा (एयूयू), हिज्ब-उल-मुजाहिदीन, अल-उमर-मुजाहिदीन, जम्मू और कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया, दीनदार अंजुमन, अल बद्र, जमीयत-उल-मुजाहिदीन, अल-कायदा, पीएफआई, अल-कायदा (एक्यूआईएस) और इसके सभी स्वरूप। दुख्तरान-ए-मिल्लत (डीईएम), इंडियन मुजाहिदीन, इसके सभी संगठन तथा अग्रिम संगठन, इस्लामिक स्टेट,इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया, दाइश, इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी), आईएसआईएस विलायत खुरासान, इस्लामिक स्टेट , तहरीक-उल-मुजाहिदीन (टीयूएम), जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश, जमात-उल-मुजाहिदीन भारत, जमात-उल-मुजाहिदीन हिंदुस्तान, ये गिनती और भी अभी बड़ी है, किंतु यहां इतना ही। तब ये एवं अन्य जो इस्लामिक इस प्रकार के संगठन हैं इन सभी की हर प्रकार की गतिविधि पर प्रतिबंध है और इन्हें आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, यदि आप इन सभी के उद्देश्य एवं कार्य देखेंगे तो यह एक बात समान रूप से कहते और मानते हैं, वह है गैर मुसलमानों पर हिंसा करना, उनके कत्ल करना, उन्हें हर संभव अलग-अलग तरह से चोट पहुंचाना और ऐसा करने को ये सभी जिहाद का नाम देते हैं। यानी कि इससे स्पष्ट होता है कि जो भी जिहाद के नाम पर दुनिया में या भारत में कहीं भी हो रहा है उसका मूल उद्देश्य गैर मुसलमानों के प्रति नफरत भरा काम करना है। जैसा कि ताजा उदाहरण बिहार के गोपालगंज जिले से सामने आया है। यहां शिक्षिका सुल्ताना खातून ने बच्चों को एक अनुवाद दिया, जिसमें कहा गया कि बच्चों तुम- ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 वर्षों से लोगों को बना रहे मूर्ख₹ -इस पर इंग्लिश ट्रांसलेशन कर दिखाओ। तब कुछ छात्र यह सुन कर असहज महसूस करने लगे। बाद में घर जाकर अपने-अपने अभिभावकों को पूरी बात उन्होंने बताई। इसके बाद अभिभावकों ने इसकी लिखित शिकायत की। अब प्रश्न यह है कोई अपने प्रधानमंत्री को लेकर विद्यार्थियों के मन में जहर कैसे भर सकता है प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को शक्तिशाली बनाने के लिए जो कार्य किए हैं, आज उनका लोहा तो पूरी दुनिया मान रही है। फिर ये शिक्षिका सुल्ताना खातून अपने प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की सोच सरकारी सिस्टम में रहते हुए कैसे रख सकती हैं और यदि उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से किसी भी प्रकार की नफरत है, तब वह उसे शासकीय सेवा में रहते हुए वह भी ड्यूटी में रहकर उसे इस तरह सार्वजनिक रूप से कैसे व्यक्त कर सकती है और दूसरों को भी इस तरह से करने के लिए उकसा सकती है वास्तव में यह भी एक प्रकार का जिहाद है, अपने वर्तमान राज्यीय सिस्टम, देश की सरकार एवं राज्य सरकारों के प्रति अविश्वास पैदा कर दो, ताकि उसका दूरगामी लाभ अपने हित में अधिकतम उठाया जा सके।

# ध्यान से समाधि की ओर तभी चलेंगे, जब द्वंद्वमुक्त होंगे

**धर्म-अध्यात्म**

**यो**गसूत्र में कहा गया है कि चित्तवृतियों अथवा मन पर नियंत्रण ही योग है। योग के आठ अंग हैं- यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। चिकित्सा-पद्धति के रूप में या फिर शरीर और मन के रूपांतरण के लिए योग के इन सभी आठों अंगों का अभ्यास करना अनिवार्य है। योग में शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार के अभ्यास सम्मिलित होते हैं। सवाल है कि शारीरिक अभ्यास क्रम महत्वपूर्ण है या मानसिक अभ्यास क्रम? हमारा शरीर और व्यक्तित्व वास्तव में हमारी भाव प्रक्रिया से ही बनता है। जैसा हम लगातार चिंतन करते हैं, जो कुछ भी हम सोचते रहते हैं, हम वैसे ही हो जाते हैं। इसलिए हमारी विचार प्रक्रिया का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य या फिर रोग पर भी पड़ता है। यही विचार प्रक्रिया रोग के उपचार में भी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यहां मन महत्वपूर्ण हो जाता है। जैसा या जो भी हम चाहते हैं वह मन-मस्तिष्क की एक खास अवस्था (अल्फा) में ही पूरा होता है। अब प्रश्न उठता है कि अगर सारा खेल मन का ही है तो फिर आसन और प्राणायाम की हमें जरूरत ही क्या है? वास्तव में भौतिक शरीर की जड़ता को खत्म करके उसे मन से जोड़ने और उसके बाद मन को अपेक्षित दशा अर्थात अल्फा अवस्था में ले जाने के लिए योगासन और प्राणायाम का अभ्यास अनिवार्य है।

जब हम योग-साधना करते हैं तो कोई न कोई भाव तो हमारे मन में व्याप्त होता ही है। मन के कई स्तर हैं। चेतन या जाग्रत अवस्था में भी भाव तो होता है लेकिन वह वास्तविकता में नहीं बदलता, क्योंकि एकाग्रता और ध्यान के बिना यह असंभव है। एकाग्रता और ध्यान से हम अपेक्षित अल्फा लेवल में पहुंच जाते हैं या यूं कहें कि अल्फा लेवल में पहुंच कर ही हम एकाग्रता और ध्यान की अवस्था में पहुंच सकते है। अल्फा लेवल कहिए या ध्यान की अवस्था, इसी में मन हमारे भावों को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होता है। अगर हमारा शरीर स्वस्थ है और मन अपेक्षाकृत कम चंचल है तो शरीर को सही आसन में रखकर दो-चार गहरी सांस लेने पर ही हम अल्फा अवस्था में पहुंच जाएंगे और फिर इस अवस्था में पहुंचकर हम जैसा भी विचार करेंगे, जो भी सोचना शुरू करेंगे, वही भौतिक जगत में वास्तविकता ग्रहण करने लगेगा। लेकिन अगर हम यह सब ध्यानावस्था के बगैर दोहरा रहे हैं कि मैं स्वस्थ अथवा रोगमुक्त हूं तो उस अवस्था में हमारे विचार, संकल्प या फिर स्वीकारोक्ति के विरोधी विचार भी उठने लगते हैं। ध्यान या एकाग्रता की अवस्था में ही किसी मनचाहे विचार को अक्षुण्ण रखा जा सकता है। द्वंद्व से भी यहीं आकर मुक्ति संभव है। द्वंद्वातीत अवस्था ही उपचार की आदर्श अवस्था है और द्वंद्वातीत अवस्था के लिए मन की गहराई में उतरना या अल्फा लेवल में पहुंचना अनिवार्य है।

## पत्र

### युद्ध के जोखिम

हमास के लड़ाकों की ओर से इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले की पहली बरसी की पूर्वसंध्या पर जहां इस्राइली फौज गाजा और बेरूत पर बम बरसा रही थी, वहीं कुछ घंटे बाद हिज्बुल्लाह के रॉकेट और मिसाइल हमलों ने बहुचर्चित एयर डिफेंस सिस्टम ह्यआयरन डोमह्ल को भेदते हुए तीन इस्राइली सैनिक अड्डों को निशाना बना लिया। यह तस्वीर बताती है कि हमलों और जवाबी हमलों के एक साल लंबे सिलसिले के बाद भी शांति की कोई सूरत नहीं दिख रही। इसके उलट संघर्ष और बढ़ने के आसार बनते नजर आ रहे हैं। गाजा में हमास को बर्बाद करने की इस्राइली मुहिम उस मोर्चे पर काफी हद तक कामयाबी पा लेने के बाद पहले हिज्बुल्लाह और हूती विद्रोहियों की ओर मुड़ी और अब ईरान को अपने निशाने पर लेने को उतावली दिख रही है। निश्चित रूप से ईरान के इन प्रॉक्सी संगठनों ने उसे उकसाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी थी। लेकिन हिज्बुल्लाह चीफ नसरल्लाह के मारे जाने के बाद इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले ने जो स्थिति पैदा की है, उसके नतीजों का अभी सिर्फ अंदाजा ही लगाया जा सकता है। कई जानकारों का मानना है कि इन हमलों ने इस्राइली पीएम नेतन्याहू को ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने का बहाना दे दिया है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा है कि अमेरिका ऐसे हमलों के पक्ष में नहीं है, फिर भी इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नेतन्याहू और उनके रणनीतिकार एक ही बार में ईरान नाम के इस दुश्मन को लंबे समय तक के लिए ठंडा कर देने का फैसला कर लें। ऐसा हुआ तो उसके नतीजे भयावह हो सकते हैं। **राजेंद्र यादव**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुथ कमेटी के सदस्यों को दिशा निर्देश

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/बरहरवा:** प्रखंड अंतर्गत बटाइल पंचायत एवं जामपुर पंचायत में कांग्रेस पार्टी के कोर कमिटी के कन्वेनर एवं सदस्यों के द्वारा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओ की बैठक की गई।जिसमे जामपुर पंचायत की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष बाबुल खान ने की तथा बटाइल पंचायत की अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष समुद्री बास्की ने की।बैठक में कोर कमिटी के कनव्हेयर के रूप में जिलाध्यक्ष बरकत खान एवं कोर कमिटी के सदस्य के रूप में मो.नासीरुद्दीन,शमसोर खान,मो.तमिजुद्दीन सेख एवं शरत मंडल उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बुथ कमेटी के सदस्यों को दिशा निर्देश देना था।साथ ही किस प्रकार चुनाव में अग्रतर कार्य करते हुए चुनाव में अपने प्रत्याशी को भारी से भारी मतों में जीताने को लेकर चर्चा की गई। बूथ कमिटी का समीक्षा भी किया गया।जिलाध्यक्ष बरकत खान ने



बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड की गठबन्धन सरकार के द्वारा चलाई गई जन उपयोगी योजनाओं की जानकारी सभी कार्यकर्त्ता घर घर पहुंचाना सुनिश्चित करें,विशेष कर मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दे।बरकत खान में बताया कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा किए गए विकास कार्य एवं गठबंधन सरकार के द्वारा चलाई गई जन उपयोगी योजनाओं के द्वारा हम लोग पुनः झारखंड में गठबन्धन की सरकार बनाएंगे।बैठक में नईम खान,नबीद अंजुम,मिथुन मण्डल,सत्यनारायण साहा, गुलाब खान,महफूज आलम, गोपी यादव,सैफुल खान, मुस्तफिजुर,मोस्तफा,लखन हंसदा,बिजय यादव,डीजेन सिंह,अजीजुर,मंजूर खान,मोती शेख,फीटू, राजेश साहा सहित सैंकड़ों कार्यकर्त्ता उपास्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी मतदाताओं को जागरूक करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

**साहिबगंज/मेट्रो रेज :**जिला निवार्ची पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती ने स्वीप कोषांग के पदाधिकारी-कर्मियों संग गोपनीय कार्यालय में बैठक की और पूरी संजीदगी के साथ मतदाता जागरूकता अभियान को पूरा करने का निर्देश दिया।पारदर्शी-निष्पक्ष चुनाव के साथ-साथ अधिक- से- अधिक लोगों को मतदान के माध्यम से सहभागिता सुनिश्चित करने के संकल्प पर वर्कआउट करने का निर्देश दिए। 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग प्रतिशत को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के वोटरों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्र व बूथों पर ज्यादा फोकस है, जहां पिछले चुनाव में वोटिंग कम दिखें थे। वहा अधिक से अधिक लोगों को बूथों तक लाने के अभियान के तहत काम किया जा रहा है।उपायुक्त ने अंतिम सात दिनों में अभियान को और गति देकर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिये। संस्था, क्लब व प्रबुद्धजनों की सहभागिता के साथ संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिये। मतदान केंद्रो को बेहतर तरीके से सजाने-संवारने के साथ वहां जरूरी सुविधाओं की बहाल सुनिश्चत करने को कहा। मौके पर स्वीप कोषांग के जिला नोडल पदाधिकारी चित्रा यादव व कर्मी मौजूद थे।



## पीठासीन पदाधिकारी को मॉक पोल का प्रशिक्षण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज:**जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने विधानसभा चुनाव -2024 के मद्देनजर जवाहर नवोदय विद्यालय, साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज, संध्या कॉलेज साहिबगंज में चल रहे पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी व तृतीय मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण का जायजा लिया गया।मास्टर ट्रेनर के द्वारा पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी व तृतीय मतदान अधिकारी वास्तविक मतदान के दिन किए जाने वाले मोंक पोल की विस्तृत जानकारी दी।मतदान दलों द्वारा की जाने वाली सामान्य त्रुटियाँ, मतदान दलों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व। फॉर्म भरना, सील करना और पैकिंग करना, मॉक ड्रिल हाथों-हाथ डमी फॉर्म और लिफाफे भरने का प्रशिक्षण 17ए,17सी, पीओ डायरी, मॉक पोल सर्टिफिकेट, रिसीविंग फॉर्म-एम21 आदि की जानकारी दी गई। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा प्रशिक्षक के रूप में सुभाषित, अभिषेक कुमार सिंह, अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# कोडरमा में कारोबारी के घर से एक करोड़ से अधिक कैश बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**कोडरमा:** जिले की लरियाडीह पंचायत के वृंदा गांव में बीती रात दो बजे होटल कारोबारी सुखदेव रजक के घर छापेमारी की गई थी। इस दौरान व्यवसायी के घर से एक करोड़, 7 लाख, 10 हजार 320 रुपये नगद बरामद किए गए हैं, जबकि इस मामले में सुखदेव रजक के भाई रोहित रजक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही कारोबारी की दो लग्जरी गाड़ियां भी टीम ने जब्त कर ली हैं।

**गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने की छापेमारी**

दरअसल, कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना




मिली थी कि वृंदा गांव में सुखदेव रजक अफीम की तस्करी करता है और अफीम की तस्करी से उसने काफी पैसे बना रखे हैं। जिसके बाद एसपी ने एक एसडीपीओ अनिल सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की और रात 2 बजे सुखदेव रजक के घर छापेमारी शुरू की गई। जहां इतने कैश बरामद हुए कि नोट गिनने वाली मशीन को मंगानी पड़ी। इसके साथ ही इनकम टैक्स विभाग की टीम को भी मौके पर बुलाया गया था।

**अफीम के अवैध कारोबार से बना करोड़पति**

पुलिस को सुखदेव रजक के घर से 58 ग्राम अफीम पाउडर का सैंपल भी मिला है। पुलिस के मुताबिक अफीम के कारोबार से यह रकम जमा की गई थी। एसपी ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस इस ऐंगल पर भी जांच कर रही है कि कहीं कैश को चुनाव में तो खर्च नहीं करने की योजना थी। साथ ही पुलिस यूपी के मसाला कारोबारी के यहां छापेमारी को भी जोड़कर इस मामले की जांच कर रही है।

**अन्य कई आरोपी पुलिस की रडार पर**

इस संबंध में कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि अफीम का कारोबार करने और उससे जमा करोड़ों रुपये होने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके आलोक में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि इस मामले में सुखदेव रजक समेत कई अन्य आरोपी पुलिस की रडार पर हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# धनबाद पुलिस ने किया 13 लूटकांड का खुलासा, लाल वारंटी दानिश समेत तीन गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**धनबाद:** लूटकांड की योजना बना रहे तीन अपराधियों को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।आरोपियों की गिरफ्तारी से 13 लूटकांड का उद्भेदन हुआ है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि बोकारो का शातिर अपराधी दानिश को भी पुलिस ने धर दबोचा है। धनबाद के ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

**आरोपी दानिश पर लूट के 40 मामले हैं दर्ज**

एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि आरोपी दानिश पर लूटकांड के 40 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधियों में दानिश के अलावे रिजवान और भोला कुमार दास भी




शामिल हैं। तीनों अपराधी बोकारो जिला के निवासी हैं।

**आरोपियों के पास से ये सामान बरामद**

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल, तीन अवैध देसी कट्टा, तीन 315 बोर का जिंदा राउंड, मोटरसाइकिल का अतिरिक्त नंबर प्लेट और चार मोबाइल फोन बरामद किया है।

**राहगीरों से लूटपाट करते थे तीनों अपराधी**

ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बताया मूल रूप से इन आरोपियों का मकसद राहगीरों से लूटपाट करना रहा है और हाल के दिनों में तीनों अपराधी बाघमारा अनुमंडल क्षेत्र में सक्रिय थे। आरोपियों की धर-पकड़ के लिए एक एसआईटी गठित की गई थी। जिसमे बाघमारा एसडीपीओ के नेतृत्व में कतरास, तेतुलमारी, ईस्ट बसुरिया के थाना प्रभारी शामिल थे। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**दानिश पर इन थानों में है एफआईआर दर्ज**

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार मो। अख्तर उर्फ दानिश पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ चन्द्रपुरा थाना, गोमिया थाना, नवाडीह थाना, पेटरवार थाना, माराफारी थाना, जरीडीह थाना, बेरमो थाना, सिकिदरी थाना, ओरमांझी थाना, तोपचांची थाना, बाघमारा थाना, धनबाद थाना और धनबार थाना में कई मामले पूर्व से दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि दानिश लाल वारंटी था और लंबे समय से पुलिस को उसकी तलाश थी।

# 200 से अधिक लोगों ने थामा झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन

मेट्रो रेज

**गढ़वा:** विधानसभा चुनाव का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है राजनीतिक दलों में भगदड़ मच गई है। भारतीय जनता पार्टी, भारतीय समाज पार्टी, राजद सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं, विभिन्न पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों सहित 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। मंगलवार को पेयजल मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से भारतीय समाजवादी पार्टी के प्रमुख याकुब इकबाल, राजद के डंडा प्रखंड सचिव उपेंद्र चौधरी, नवादा पंचायत के मुखिया आषा देवी, उप मुखिया लक्ष्मण राम, वार्ड सदस्य विरेंद्र राम, अनिता देवी, तौफीक अंसारी, सलीका खातुन, दिनेश कुमार, रेणु देवी, चैतु भुईयां, सरिता देवी, माया देवी, सरोज देवी, मेराल प्रखंड के पढ़ुआ से भाजपा छोड़कर मनोज ठाकुर एवं संतोष कुमार यादव सहित राजू यादव, विनोद ठाकुर, विमलेश गुप्ता, सोनू कुमार यादव, मिथिलेश रवि, गोल्डेन चंद्रवंशी, सुभाष चंद्रवंशी, विनय ठाकुर, राहुल यादव, राजेंद्र यादव सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

# लातेहार कांग्रेस में बगावत, जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

मेट्रो रेज

**लातेहार:** मनिका विधानसभा क्षेत्र से रामचंद्र सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने के बाद जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव के नेतृत्व में कई कांग्रेस कार्यकताओं ने अलग राह पकड़ ली है। लातेहार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने मनिका विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया है।

**पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर की बगावत**

दरअसल मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी की दौड़ में



विधायक रामचंद्र सिंह के साथ-साथ मुनेश्वर उरांव भी थे। कांग्रेस के साथ जमीनी पकड़, प्रखंड स्तरीय कांग्रेसियों के साथ बेहतर समन्वय के कारण मुनेश्वर उरांव को पूरा विश्वास था कि इस बार पार्टी की ओर से उन्हें ही प्रत्याशी बनाया जाएगा, लेकिन पार्टी आलाकमान ने विधायक रामचंद्र सिंह को एक बार फिर मनिका विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया।कांग्रेस आलाकमान के इस निर्णय से कांग्रेस पार्टी में अंदरूनी कलह शुरू हो गया है। कई कांग्रेस कार्यकताओं ने रामचंद्र सिंह का खुलकर विरोध किया है।

**निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा**

इस बीच मंगलवार को लातेहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने जिला कार्यालय में एक प्रेस वार्ता कर यह घोषणा किया कि आगामी 25 अक्टूबर को वे मनिका विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे। मुनेश्वर उरांव ने बताया कि कांग्रेस से जुड़े सभी जमीनी नेताओं और कार्यकताओं का यह दबाव है कि वे चुनाव लड़ें। कार्यकताओं की इच्छा का ख्याल रखते हुए उन्होंने चुनाव लड़ने का मन बनाया है।

**वर्तमान विधायक पर लगाए गंभीर आरोप**

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने कांग्रेस के वर्तमान विधायक पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं।उन्होंने कहा कि विधायक ने अपने निजी स्वार्थों के लिए काम किया है और कार्यकताओं को लगातार नजरअंदाज किया है। इससे पिछले 5 वर्षों तक मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता खुद को अपमानित महसूस करते रहे। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का अपमान उन्हें बर्दाश्त नहीं है। इसी कारण उन्होंने अपना अलग रास्ता चुना है।

सभी प्रखंड अध्यक्षों ने किया समर्थन

मनिका विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्षों ने जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव का समर्थन किया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान प्रखंड अध्यक्ष भी उपस्थित रहे। प्रखंड अध्यक्षों ने भी बताया कि मुनेश्वर उरांव निर्दलीय चुनाव लड़कर जीतेंगे।इधर, मुनेश्वर उरांव के निर्दलीय चुनाव में उतारने के बाद मनिका विधानसभा का चुनाव दिलचस्प हो गया है।

---

**न्यूज IN ब्रीफ**

## दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज:**जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी पंकज दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के बड़ा तौफिर निवासी वारंटी आदास अंसारी व बड़ा मदनशाही निवासी वारंटी शौकत अली को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## फरार ननबलेबल वारंटी गिरफ्तार

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि गोपालपुर घीसू टोला निवासी वारंटी सोलिन उर्फ सुलीन चौधरी फरार चल रहा था। पुलिस उसे तलाश रही थी। गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## 25 किली जावा महुआ नष्ट, 8 लीटर शराब बरामद



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना पुलिस ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गोपालपुर घीशु टोला दियारा में अवैध देसी महुआ शराब एवं जावा के विरुद्ध छापामारी की। थाना प्रभारी मदन कुमार में बताया कि लगभग 25 किलोग्राम महुआ जावा को नष्ट किया गया। वहीं लगभग 8 लीटर शराब दो अलग-अलग घरों से बरामद किया गया। मामले में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## मुफस्सिल थाना प्रभारी ने वाहन जांच अभियान चलाया

**साहिबगंज :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर साहिबगंज पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह के आदेशानुसार साहिबगंज सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना के समीप विधानसभा आम चुनाव 2024 तथा आचार संहिता लागू होने के कारण विशेष तौर पर देशी और विदेशी शराब एवं गाजा हफीम और अवैध हथियार तस्करी की रोकथाम को लेकर सघंन वाहन जांच अभियान चलाया गया।वही मौके पर संघन वाहन जांच अभियान में एसआई अजीत लकड़ा,एएसआई चंचल कुमार, एएसआई वीरेंद्र कुमार यादव, एएसआई मतेयस कुजूर, हवलदार सदानंद राम अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## डुरुआ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**लातेहार:** आसन्न विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान एवं मतदाताओं का जागरूक करने के लिए उच्च विद्यालय डुरुआ में रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नौ व दस के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। बीएलओ पर्यवेक्षक अतुल कुमार ने आगामी 13 नवंबर को अपने मतदान केंद्र में जा कर मतदान करने की अपील की। कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। सरकार के स्तर पर हर प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन आम मतदाताओं की सहभागिता के बिना यह लक्ष्य हासिल करना मुश्किल है। मौके पर शिक्षक ललित दुबे, एके पाठक, बीएलओ अंजला देवी, मेज रेन लकड़ा मो परवेज, कृष्णकांत पांडेय के अलावा कई ग्रामीण व मतदाता मौजूद थे। कार्यक्रम में मतदान प्रतिज्ञान का शपथ कराया गया। क्ववीज व रंगोली प्रतियोगिताओ के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया।

## रामचंद्र सिंह को टिकट मिलने के विरोध में कांग्रेसियों ने कार्यालय किया खाली

**लातेहार:** मनिका विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामचंद्र सिंह को कांग्रेस से टिकट दिये जाने का विरोध शुरू हो गया है। विरोध और कोई नहीं बल्कि उनकी पार्टी कांग्रेस के ही लोग कर रहे हैं। यहां तक कि रामचंद्र सिंह के विरोध में मनिका में कांग्रेस कार्यालय को खाली कर दिया गया है। मनिका प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी गुड्डू सिंह ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि पिछले पांच सालों में विधायक रामचंद्र सिंह ने कांग्रेस कार्यकताओं को कोई मान सम्मान नहीं दिया। एक बार फिर उन्हें संगठन ने टिकट दिया है और इसके विरोध में उन्होंने कार्यालय खाली कर दिया है। गुड्डू सिंह ने कहा कि मनिका में कांग्रेसियों की पहली पसंद जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव है। वह पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। 2014 के विधानसभा चुनाव में बिना गठबंधन के समर्थन 27731 वोट लाये थे। उन्होंने कहा कि मुनेश्वर उरांव पार्टी को पुराने और जुझारू नेता हैं। अगर उन्हें प्रत्याशी बनाया जाता तो मनिका विधानसभा सीट से कांग्रेस की जीत पक्की थी। रामचंद्र सिंह आरजेडी से कांग्रेस में आये हैं। पिछली बार उन्हें पार्टी में शामिल होने के तुरंत बाद टिकट दे दिया गया था। इस बार भी उन्हें टिकट दे दिया गया है। मौके पर राजकिशोर सिंह, सगीर आलम, अनामुल हक और केशव यादव समेत कई कांग्रेसी मौजूद थे।

## 25 को विश्रामपुर से नामांकन दाखिल करेंगे ब्रह्मदेव

**पलामू:** ओबीसी एकता अधिकार मंच ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया। झारखंड प्रदेश के केंद्रीय सचिव गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि ब्रह्मदेव प्रसाद को विरोधियों द्वारा दुर्घटना का रूप देकर हत्या करने का प्रयास किया गया। लेकिन विश्रामपुर की जनता के आशीर्वाद से वे सही सलामत रहे। उन्हें दोबारा जीवन प्राप्त हुआ है। ब्रह्मदेव प्रसाद 25 अक्टूबर को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता से आग्रह है कि नामांकन कार्यक्रम में आप हजारों हजार की संख्या में पहुंचकर ब्रह्मदेव प्रसाद के हौसला को बुलंद करें और जीत के लिए आशीर्वाद दें। कहा कि आज विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक भी सड़क नहीं है। लोगों को अच्छा पानी पीने के पेयजल उपलब्ध नहीं है। कहा कि विश्रामपुर में दर्जनों कॉलेज बनाकर केवल एक कमाई का जरिया बनाया गया। लेकिन विश्रामपुर क्षेत्र के एससी, एसटी, ओबीसी और माइनॉरिटी छात्राओं के लिए एक भी इंजीनियरिंग कॉलेज, आईटीआई कॉलेज और मेडिकल कॉलेज का स्थापना नहीं की गई है। कहा कि अबकी बार जनता जाग चुकी है। इसका मुंहतोड़ जवाब 13 नवंबर को वोट के माध्यम से देने का काम करेगी।

## चार किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो फरार

**पलामू :** पलामू जिले के शहर थाना क्षेत्र स्थित बिस्फुटा के पास से पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने चार किलो गांजा के साथ एक मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर आदित्य कुमार पासवान को को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है। वहीं फरार दो तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। जल्द दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा । सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने प्रेसवार्ता कर इस बात की जानकारी दी। मणि भूषण प्रसाद ने बताया कि पलामू एसपी को सूचना मिली थी कि बिस्फुटा चौक के सामने दो-तीन संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से गांजा की खरीद-बिक्री करने वाले हैं। पलामू एसपी के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव और शहर थाना की पुलिस की एक टीम का गठन किया गया।

# सलमान के सपोर्ट में आए मीका सिंह अनूप जलोटा ने दी माफी मांगने की सलाह


**बॉलीवुड** के भाईजान सलमान खान के करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी की हत्या और बिश्नोई गैंग की लगातार मिल रही धमकियों से उनका पूरा परिवार परेशान है। हालांकि, सलमान इस मामले पर मुखर रहे हैं लेकिन उनके पिता सलीम खान और भाई-बहन अक्सर परिवार की मनःस्थिति पर



टिप्पणी करते रहे हैं। मीका सिंह ने एक लाइव कॉन्सर्ट के दौरान भाईजान को सपोर्ट किया है। मीका सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में मीका सिंह एक लाइव कॉन्सर्ट में परफॉर्म करते नजर आ रहे हैं। मीका और सलमान की गहरी दोस्ती के बारे में हर कोई जानता है। लाइव कॉन्सर्ट के दौरान मीका ने फिल्म 'शूटआउट एट लोखंडवाला' के अपने हिट गाने 'ऐ गणपत' की पंक्तियां गाईं। मीका ने कहा, ''भाई रे भाई तू फिक्र न कर, उसकी मां की उसकी बहन की जो देखे इधर।' ये बोल ए गणपत गाने की बीच की पक्तियों के हैं। इस तरह से मीका ने डंके की चोट पर सलमान के समर्थन में अपनी राय रखी है। मीका की परफॉर्मेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया और सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी चर्चा भी हो रही है। यह उनकी और सलमान की दोस्ती की एक और मिसाल है।

### 'सलमान बिश्नोई मंदिर जाकर माफी मांगें' : अनूप जलोटा

अनूप जलोटा ने दिए इंटरव्यू में कहा, ह्लमेरा सलमान से एक छोटा-सा अनुरोध है कि वह बिश्नोई समुदाय के मंदिर में जाकर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माफी मांग लें और अपने परिवार और करीबी दोस्तों की रक्षा करें। मुझे यकीन है कि वे उनकी माफी स्वीकार करेंगे। सलमान को जाना चाहिए और फिर बिना किसी डर के जिंदगी जीनी चाहिएह्ण ये मामले को और कॉम्प्लेक्स करने का समय नहीं है। चाहे उसने हत्या की हो या नहीं, सलमान को माफी मांगनी चाहिए। झगड़े में फंसने से किसी को कुछ नहीं मिलेगा।



# अनिल कपूर ने ठुकराया करोड़ों का ऑफर, पान मसाला का विज्ञापन करने से किया इंकार

**बॉलीवुड** में कई प्रमुख अभिनेता पान मसाला विज्ञापन करते ट्रोल हो जाते हैं। अजय देवगन, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ की आलोचना हो चुकी है। ट्रोलिंग के बाद माफी मांगने के बाद ऐसे विज्ञापन करना बंद कर दिया। अब अनिल कपूर ने भी पान मसाला का विज्ञापन ठुकरा दिया है। उन्होंने करोड़ों रुपये का ऑफर ठुकरा दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अनिल कपूर ने एक बड़ा पान मसाला विज्ञापन खारिज कर दिया गया है। उन्होंने अपने प्रशंसकों और दर्शकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि चाहे उन्हें कितना भी पैसा मिले, वह ऐसे किसी उत्पाद का प्रचार नहीं करेंगे जिससे लोगों के स्वास्थ्य को खतरा हो। 67 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद फिट हैं। उनके लुक्स को देखकर कई लोग कमेंट करते हैं कि वह जवान हो रहे हैं। वह स्वस्थ आहार और जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं। इसलिए वह ब्रांड एंडोर्समेंट बहुत सोच-समझकर करते हैं। वह कभी भी ऐसा कोई विज्ञापन नहीं करते जिससे किसी को नुकसान हो। दूसरी ओर, बॉलीवुड जहां पान मसाला के विज्ञापनों के लिए अभिनेताओं को ट्रोल किया जाता है। साउथ अभिनेताओं ने आज तक कभी ऐसे उत्पाद का प्रचार नहीं किया है। रजनीकांत, कमल हासन ने अपने करियर के शुरूआती दिनों में ऐसे विज्ञापन न करने का फैसला किया। इसके बाद सभी कलाकारों ने इस नियम का पालन किया।

# 'भूल भुलैया-3' का रोमांटिक ट्रैक 'जाना समझो ना' हुआ रिलीज

'**भूल** भुलैया-3' साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक है और इस दिवाली हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। 'भूल भुलैया-3' के ट्रेलर को बेहतरीन रिस्पॉन्स मिला है और इसने हॉरर-कॉमेडी के लिए बेहतरीन माहौल बना दिया है। टाइटल ट्रैक ग्लोबल हिट हो गया, जिसमें इंटरनेशनल म्यूजिक स्टार पिटबुल ने दिलजीत दोसांझ और कार्तिक आर्यन के साथ स्पूकी स्लाइड किया है। फिल्म का दूसरा गाना 'जाना समझो ना' रिलीज हो गया है, जिसमें कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की नई और जबरदस्त केमिस्ट्री देखने मिल रही है। गाने में तुलसी कुमार और आदित्य रिखारी की खूबसूरत आवाज है। 'भूल भुलैया-3' का रोमांटिक ट्रैक कार्तिक और तृप्ति की शानदार केमिस्ट्री में खूबसूरत रंग भरता है। नया दिल छू लेने वाला गाना 'जाना समझो ना' हमें




रोमांटिक वाइब्स से सराबोर कर देता है। ये गाना तुलसी कुमार और आदित्य रिखारी ने गाया है, जिसे लिजो जॉर्ज, डीजे चेतस, और आदित्य रिखारी ने कंपोज किया है और इसके लिरिक्स आदित्य रिखारी ने लिखे हैं। कार्तिक आर्यन फिर से रूह बाबा का रोल निभाते हुए नजर आएंगे, जो सुपर हिट भूल भुलैया-2 से है। उनके साथ तृप्ति डिमली, ओरिजिनल मंजुलिका, विद्या बालन और उनकी पार्टनर इन क्राइम यानी माधुरी दीक्षित भी नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन और भूषण कुमार के प्रोड्यूशन में यह फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है। भूल भुलैया-3 इस दिवाली 1 नवंबर को शानदार रिलीज के लिए तैयार है।

# सलमान खान ने फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग टाली




**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान को बिश्नोई गैंग से लगातार धमकियां मिल रही हैं। इसलिए सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सलमान खान को वाई प्लस सुरक्षा दी गई है। उनके घर पर परिवार के सदस्यों के अलावा किसी को भी जाने की इजाजत नहीं है। शूटिंग के दौरान पुलिस की भी भारी तैनाती की जा रही है। अब सलमान की फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग टाल दी गई है।

### सिकंदर फिल्म की शूटिंग तली

सलमान खान की आने वाली फिल्म 'सिकंदर' को निमार्ता 2025 की ईद पर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सलमान की जान को खतरे को देखते हुए जानकारी सामने आई है कि सलमान फिलहाल फिल्म की शूटिंग नहीं करेंगे। सलमान ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिकंदर' की शूटिंग भी टाल दी है। चर्चा थी कि सलमान खान रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में चुलबुल पांडे के तौर पर कैमियो करेंगे। अब रिपोर्ट्स के मुताबिक कथित तौर पर सुरक्षा चिंताओं के कारण 'सिंघम अगेन' में सलमान का कैमियो हटा दिया गया है।

### करोड़ों के नुकसान की आशंका

सिकंदर फिल्म की शूटिंग इसी महीने शुरू होने वाली थी। इसके लिए शूटिंग के लिए लोकेशन और एक्टर्स के साथ रहने-खाने की व्यवस्था जैसी सारी तैयारियां की गईं। हालांकि, अब ये शूटिंग तय तारीख पर नहीं होगी।

# पैपराजी पर भड़कीं बॉलीवुड एक्ट्रेस हेमा मालिनी

**बॉलीवुड** की 'ड्रीम गर्ल' हेमा मालिनी कई सालों से लोगों का मनोरंजन कर रही हैं। इतना ही नहीं, वह हर साल कृष्ण के जन्मदिन के दिन डांस करती हैं और सभी को हैरान कर देती हैं। हाल ही में हेमा मालिनी का एक वीडियो वायरल हो गया है। इस वीडियो में उन्होंने पैपराजी पर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

### पैपराजी से हेमा मालिनी की नाराजगी

हेमा मालिनी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में वे वॉक करते नजर आ रही हैं। बाद में जब उनकी नजर पैपराजी पर पड़ती है तो उनके चेहरे पर नाराजगी



साफ झलकती है। ₹आप यहां क्यों आएं हैं?₹ वे पैपराजी से बात करते नजर आ रहे हैं। तब सभी उन्हें ₹हैप्पी दिवाली₹ कहते हैं। हेमा ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं भी दीं। इसके बाद, चेतावनी के साथ, वह सभी को किनारे हटने के लिए कहती है। बाद में एक आदमी उनके साथ तस्वीरें लेने आता है। हेमा मालिनी दूर से ही उनके साथ तस्वीरें खिंचवाती हैं।

### हेमा मालिनी को लेकर नेटिजन्स नाराज

जैसे ही हेमा मालिनी का यह वीडियो वायरल हुआ, नेटिजन्स ने उनके व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की। 'जूनियर जया बच्चन', 'जया पार्ट-2' कहा कर नेटिजेंस ने हेमा मालिनी से नाराजगी जाहिर की है। पिछले कुछ सालों से हेमा मालिनी की कोई नई फिल्म रिलीज नहीं हुई है। हालांकि, वह अक्सर स्टेज पर डांस करती नजर आती हैं।

## इंग्लैंड के विंगर एंथनी गॉर्डन ने न्यूकैसल यूनाइटेड के साथ किया दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर



जनवरी 2023 में एवर्टन से न्यूकैसल में शामिल होने के बाद से गॉर्डन ने 74 मैचों में 15 गोल किए हैं

एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड के विंगर एंथनी गॉर्डन ने न्यूकैसल यूनाइटेड के साथ एक नया दीर्घकालिक अनुबंध किया है। क्लब ने मंगलवार को उक्त पुष्टि की। जनवरी 2023 में एवर्टन से न्यूकैसल में शामिल होने के बाद से गॉर्डन ने 74 मैचों में 15 गोल किए हैं और 11 असिस्ट दिए हैं, जिससे उन्हें इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में जगह मिल गई है। बताया जाता है कि न्यूकैसल ने गर्मियों में संभावित स्थानांतरण के लिए लिवरपूल के साथ बातचीत की थी, लेकिन यह कदम कभी नहीं उठाया जा सका था। न्यूकैसल वेबसाइट के हवाले से उन्होंने कहा, ₹मुझे लगता है कि क्लब एक बेहतरीन जगह पर है। सऊदी अरब द्वारा अधिग्रहण के बाद से, यह लगातार ऊपर की ओर बढ़ रहा है। मैं और गैफर (होवे) खेलने की शैली के मामले में एकदम सही जोड़ी हैं। मुझे यहाँ रहना बहुत पसंद है। उन्होंने कहा, ₹यह टीम मेरे लिए बहुत उपयुक्त है - और मैं यहां ट्रॉफी जीतने आया हूं। संक्षेप में कहें तो हमें ट्रॉफी जीतनी है। होवे ने गॉर्डन के विस्तारित प्रवास की खबर का भी स्वागत किया। कोच ने कहा, वह स्वयं और टीम में सुधार के लिए समर्पित है, और जब आप उसके प्रदर्शन की गुणवत्ता और उसकी अविश्वसनीय रूप से उच्च कार्य-दर को जोड़ते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारे समर्थकों के साथ उसका इतना विशेष संबंध क्यों है।

# आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाख आधिकारिक यात्रा पर युगांडा पहुंचे

एजेंसी

**एनटेबे, (युगांडा) :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख मंगलवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर युगांडा पहुंचे। एंटेबे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रेस से बात करते हुए बाख ने कहा, ₹आखिरकार युगांडा आकर मैं बहुत खुश हूं। युगांडा लगातार चैंपियन बना रहा है और यहां आकर अच्छा लग रहा है। युगांडा के खेल राज्य मंत्री पीटर ओगवांग, युगांडा ओलंपिक समिति (यूओसी) के अध्यक्ष डोनाल्ड रुकारे और पेरिस ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित अन्य लोगों ने बाख का स्वागत किया। बाख ने उन देशों के बारे में भी बात की, जहां अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो एथलीटों को ओलंपिक जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं से पहले बेहतर तैयारी करने में मदद करती हैं। युगांडा के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश के पास अच्छे पहाड़ी क्षेत्र होने का भी लाभ है, जहां चेप्टेगी जैसे शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण लेते रहे हैं और पदक जीतते रहे हैं। उन्होंने कहा, सभी देशों को युगांडा जैसा लाभ नहीं मिलता। और कुछ देशों



को एथलीटों के प्रशिक्षण के स्थान के बारे में अलग-अलग लाभ मिलते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आईओसी ओलंपिक सॉलिडेरिटी प्रोग्राम के साथ सभी सदस्यों के लिए अंतर को पाटने की कोशिश कर रहा है, जो समर्थन के मामले में 650 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ गया है। बाख ने कहा, युगांडा ओलंपिक समिति एथलीटों के लाभ के लिए ओलंपिक सॉलिडेरिटी प्रोग्राम का उपयोग करने में बहुत चतुर है। पिछले सप्ताहांत वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन जीतने वाले चेप्टेगी ने सिन्हुआ के हवाले से कहा कि आईओसी अध्यक्ष का स्वागत करने वाली टीम का हिस्सा होना सम्मान की बात है। चेप्टेगी ने कहा, ₹एक देश के रूप में, हम बाख को युगांडा आते हुए देखकर बहुत खुश हैं, ताकि हम यहां की कुछ चुनौतियों का भी पता लगा सकें। बाख की युगांडा यात्रा अफ्रीकी देशों के उनके व्यापक दौरे के हिस्से के रूप में हो रही है, जिसमें सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, लेसोथो, युगांडा और रवांडा शामिल हैं। कभी फॉइल फेंसर रहे बाख आईओसी के पद पर चुने जाने वाले पहले ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं।

# कायदे-आजम ट्रॉफी 26 अक्टूबर से, अठारह टीमें लेंगी हिस्सा



एजेंसी

**लाहौर :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को प्रमुख घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता 2024-25 कायदे-आजम ट्रॉफी के अंतिम कार्यक्रम की घोषणा की है। टूनार्मेंट 26 अक्टूबर से शुरू होगा, जिसका फाइनल 19 दिसंबर को होगा। एक बड़े बदलाव में, इस साल के टूनार्मेंट में 16 क्षेत्रों में फैली 18 टीमें हिस्सा लेंगी, लाहौर और कराची में दो-दो टीमें हैं। पिछले साल, सिर्फ. आठ टीमों ने टूनार्मेंट खेला था, जबकि पिछले चार सालों में टूनार्मेंट में सिर्फ. छह प्रतिभागी ही शामिल हुए थे। कराची व्हाइट्स पिछला चैंपियन हैं। घरेलू संचालन के निदेशक अब्दुल्ला नियाजी ने एक बयान में कहा, ₹कायदे-आजम ट्रॉफी पाकिस्तान में घरेलू क्रिकेट का शिखर है क्योंकि यह सिर्फ. एक टूनार्मेंट नहीं है बल्कि एक ऐसा आयोजन भी है जो देश भर में अपार प्रतिभाओं को सामने लाता है और उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों के लिए तैयार करता है। हमेशा की तरह, हम खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी क्षमता दिखाने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ संभव मंच प्रदान करना जारी रखेंगे क्योंकि वे देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेलेंगे। उन्होंने कहा, इससे पहले हमने चैंपियंस वन-डे कप का सफल आयोजन किया था और हम अपने घरेलू ढांचे को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। कायदे-ए-आजम ट्रॉफी का सफल आयोजन इस प्रतिबद्धता का केंद्र बिंदु है।

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे सेंटनर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मिशेल सेंटनर 9 नवंबर से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो टी20 और तीन एकदिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। जून में टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में टीम के जल्दी बाहर होने के बाद केन विलियमसन के कप्तान पद से हटने के बाद यह न्यूजीलैंड की पहली सीमित ओवरों की श्रृंखला होगी। न्यूजीलैंड ने ऑलराउंडर नाथन स्मिथ और कीपर-बल्लेबाज मिच हे को भी पहली बार 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है, जिसकी घोषणा न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में की है। सेंटनर को इस श्रृंखला के लिए अंतरिम कप्तान बनाया गया है, जबकि स्थायी वनडे और टी20 कप्तानों का फैसला इस साल के अंत में न्यूजीलैंड के घरेलू समर के दौरान किया जाएगा। नेथन स्मिथ को मार्च में एनजेडसी के डोमेस्टिक प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया था। उन्होंने घरेलू वनडे और टी20 प्रतियोगिताओं में 24 विकेट चटकाए और सुपर स्मैश में 5



रन देकर 4 विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। दूसरी ओर, 24 वर्षीय हे को इस साल की शुरूआत में कैंटरबरी के पुरुष प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया था। लॉकी फर्ग्यूसन, जैकब डफी और जैक फॉल्क्स तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा होंगे, जबकि ईश सोढ़ी टीम में सबसे अनुभवी स्पिनर होंगे। सोढ़ी के साथ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट होंगे। अंत में, विल यंग, मार्क चैपमैन, हेनरी निकोल्स, फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन और जोश क्लार्कसन बल्लेबाजी इकाई का हिस्सा होंगे। भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज के आठ खिलाड़ियों - टॉम ब्लंडेल, डेवोन कॉनवे, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रुरके, रचिन रवींद्र, टिम साउथी और केन विलियमसन - को इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए चयन के लिए नहीं चुना गया।

न्यूजीलैंड की टीम इस प्रकार है: मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जोश क्लार्कसन, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, जैक फॉल्क्स, डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, मिच हे (विकेट कीपर), हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, टिम रॉबिन्सन, नाथन स्मिथ, ईश सोढ़ी, विल यंग।

### सीरीज का कार्यक्रम

- पहला टी20 मैच - शनिवार, 9 नवंबर, दांबुला
- दूसरा टी20 मैच - रविवार, 10 नवंबर, दांबुला
- पहला वनडे मैच - बुधवार, 13 नवंबर, दांबुला
- दूसरा वनडे मैच - रविवार, 17 नवंबर, कैंडी
- तीसरा वनडे मैच - मंगलवार, 19 नवंबर, कैंडी

## मशहूर बेसबॉल खिलाड़ी फर्नांडो वालेंजुएला का 63 वर्ष की आयु में निधन




**लॉस एंजिल्स :** मशहूर बेसबॉल खिलीड़ी फर्नांडो वालेंजुएला का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया। डोजर्स पिचर वालेंजुएला ने 1981 के सीजन में 20 वर्षीय युवा के रूप में बेसबॉल को एक विचित्र विंडअप के साथ फेंककर प्रशंसकों को रोमांचित किया।
द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, लॉस एंजिल्स डोजर्स टीम के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी स्टेन कास्टेन ने मंगलवार को बयान में उनकी मृत्यु की पुष्टि की। मेक्सिको में जन्मे फर्नांडो बाएं हाथ के पिचर के रूप में विख्यात रहे हैं। बयान में उनकी मृत्यु कारण नहीं बताया गया है।

## मकाऊ ग्रैंड प्रिक्स के 71वें संस्कर I का आयोजन नवंबर में




एजेंसी

**मकाऊ :** मकाऊ ग्रैंड प्रिक्स के 71वें संस्करण का आयोजन 14 से 17 नवंबर तक किया जाएगा। मकाऊ ग्रैंड प्रिक्स आयोजन समिति (एमजीपीओसी) ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उक्त घोषणा की। इस साल के ग्रैंड प्रिक्स में सात इवेंट, मकाऊ ग्रैंड प्रिक्स - एफआईए एफआर वर्ल्ड कप, मकाऊ जीटी कप - एफआईए जीटी वर्ल्ड कप, मकाऊ गुआ रेस - कुम्हो एफआईए टीसीआर वर्ल्ड टूर इवेंट ऑफ मकाऊ, मकाऊ मोटरसाइकिल ग्रैंड प्रिक्स - 56वां संस्करण, ग्रेटर बे एरिया जीटी कप (जीटी4), मकाऊ रोडस्पोर्ट चैलेंज और मकाऊ रोडस्पोर्ट - मकाऊ एसएआर एस्टेब्लिशमेंट कप, शामिल हैं। एमजीपीओसी ने कहा कि मकाऊ के प्रमुख वार्षिक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन के रूप में, इस साल ग्रैंड प्रिक्स निवासियों और आगंतुकों को कार्यक्रम के आसपास कई गतिविधियों के साथ जीवंत माहौल में डूबने का मौका देगा।
रेसिंग संस्कृति को और अधिक बढ़ावा देने के लिए, 71वीं मकाऊ ग्रैंड प्रिक्स फोटोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य मकाऊ निवासियों को विभिन्न तरीकों से ग्रैंड प्रिक्स गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

# महाराष्ट्र विस चुनाव: शिवसेना शिंदे समूह ने 45 उम्मीदवारों की सूची जारी की

एजेंसी

**मुंबई :** शिवसेना शिंदे समूह ने महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार देर रात 45 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को ठाणे शहर के कोपरी-पंचपखाड़ी और आधा दर्जन से अधिक कैबिनेट सदस्यों को उनकी संबंधित सीटों से नामांकित किया गया। शिवसेना शिंदे समूह ने लगभग उन सभी विधायकों को दोबारा टिकट दिया है जिन्होंने जून 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व करने पर शिंदे का समर्थन किया था। मुख्यमंत्री शिंदे ठाणे शहर से सटे कोपरी-पंचपखाड़ी सीट से फिर चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने मंत्री गुलाबराव पाटिल, दीपक केसरकर, अब्दुल



सत्तार और शंभूराज देसाई को क्रमशः जलगांव ग्रामीण, सावंतवाड़ी, सिल्लोड और पाटन से मैदान में उतारा है। एक अन्य कैबिनेट सदस्य, दादा भुसे, नासिक जिले के मालेगांव बाहरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। मंत्री उदय सामंत और तानाजी सावंत को क्रमशः रत्नागिरी और परंदा से मैदान में उतारा गया है। एक अन्य प्रमुख नेता सदा सरवनकर मुंबई के माहिम से चुनाव लड़ेंगे। पार्टी ने कई विधायकों के रिश्तेदारों को भी चुनावी मैदान में उतारा है। राजापुर से उसने मंत्री उदय सामंत के भाई किरण सामंत को टिकट दिया है। दिवंगत विधायक अनिल बाबर के बेटे सुहास बाबर सांगली जिले के खानापुर से चुनाव लड़ेंगे। मुंबई उत्तर-पश्चिम से शिवसेना के लोकसभा सांसद रवींद्र वायकर की पत्नी मनीषा वायकर को जोगेश्वरी (पूर्व) से मैदान में उतारा गया है, जबकि सेना नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद अडसुल के बेटे अभिजीत अडसुल अमरावती जिले के दरियापुर से चुनाव लड़ेंगे।छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) के लोकसभा सांसद संदीपन भुमरे के बेटे विलास भुमरे पैठण से चुनाव लड़ेंगे। इसके साथ ही, शिवसेना अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करने वाली दूसरी प्रमुख राजनीतिक पार्टी बन गई है। उसकी सहयोगी भाजपा ने पिछले रविवार को 99 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी।

## पुणे: 10 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार व पैन कार्ड जब्त



एजेंसी

**मुंबई :** पुणे जिला स्थित रंजनगांव एमआईडीसी इलाके में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोर्ट ने उन्हें 24 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस मामले की छानबीन जारी है। पुणे ग्रामीण एसपी पंकज देशमुख ने बुधवार को मीडिया को बताया कि, रंजनगांव एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में मंगलवार को कुछ बांग्लादेशी नागरिकों से एक आपराधिक मामले के सिलसिले में पूछताछ की गई। जिसमें पता चला कि वे रंजनगांव इलाके में अवैध रूप से रह रहे थे। इसलिए उन सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट ने ऐसे 10 आरोपितों की पुलिस हिरासत मंजूर कर ली है। अब यह पता लगाया जा रहा है कि ये सभी बांग्लादेशी नागरिक कितने समय से भारत में रह रहे थे। इनमें से कई श्रमिक गतिविधियों में शामिल हैं लेकिन उनकी वास्तविक स्थिति के बारे में पता लगाया जा रहा है। इनके पास से मतदाता पहचान पत्र जैसे दस्तावेज जब्त किए हैं और इसके अलावा, कई लोगों के पास आधारकार्ड और पैन कार्ड भी हैं। यह छानबीन चल रही है कि क्या कोई संगठित रैकेट है या ऐसा एजेंट जो बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में ला रहा है।

## पुलिस के कब्जे में रखे कबाड़ वाहनों में लगी आग फायर बिग्रेड कर्मियों ने बुझाई

एजेंसी

**जौनपुर :** शाहगंज कोतवाली थाना अंतर्गत पुलिस द्वारा कब्जे में ली गई कबाड़ होकर थाने के बाहर बड़ी मस्जिद तिराहे पर खड़ी दर्जनों वाहनों में मंगलवार रात अचानक आग की लपटें उठने लगी। आग देख लोगों ने सूचना पुलिस व अग्निशमन को दी। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग बुझाई। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है। कोतवाली पुलिस के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी द्वारा पुरानी और कबाड़ हो चुकी वाहनों को बड़ी मस्जिद स्थित तालाब के किनारे रखवाया गया था। तकरीबन दर्जनों की संख्या में वाहन जिनमें जीप, ऑटो रिक्शा, ट्रैक्टर आदि रखे हुए थे। उन वाहनों में मंगलवार की रात धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर



लिया। सूचना पर पहुंचे पुलिस के लोगों ने फायर बिग्रेड को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग को काबू किया। फि लहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है। इस संबंध में बुधवार को क्षेत्राधिकार शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि गाड़ियों में आग कैसे लगी, इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। गाड़ियां कबाड़ में रखी हुई थी। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड ने आग बुझा दी है, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

## राशन घोटाला मामले में फिर से सक्रिय ईडी कोलकाता समेत कई स्थानों पर छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता :** राशन 'घोटाला' मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) फिर से सक्रिय हो गया है। बुधवार सुबह से ही ईडी अधिकारियों ने छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। कोलकाता, हावड़ा समेत कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाये जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, कुल 14 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई है। बुधवार सुबह कई टीमें ईडी दफ्तर से निकलीं और उनमें से एक टीम कोलकाता के बांगुर इलाके में स्थित एक व्यवसायी महेंद्र अग्रवाल के घर पहुंची। इस व्यवसायी का राशन वितरण घोटाले से क्या संबंध है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। बांगुर इलाके में इस व्यवसायी के दो घर हैं और दोनों स्थानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। वहां



मौजूद दस्तावेजों की जांच की जा रही है और ईडी अधिकारी महेंद्र अग्रवाल से पूछताछ कर रहे हैं।

बांगुर के अलावा, ईडी की एक अन्य टीम हावड़ा के पांचला इलाके में एक राशन डीलर लोकनाथ साहा के घर भी पहुंची। ईडी की टीम पहले उसके घर गई और फिर उसे साथ लेकर उसके गोदाम की तलाशी ली। लोकनाथ साहा का गोदाम क्षेत्र के कई राशन दुकानों में खाद्य सामग्री की आपूर्ति करता है। इसी संबंध में ईडी की यह जांच चल रही है। उल्लेखनीय है कि राशन घोटाला मामले में पिछले सितंबर में भी ईडी ने राज्य के सात स्थानों पर छापेमारी की थी। अधिकारियों ने कई चावल मिलों की भी जांच की थी। 28 सितंबर को ईडी ने इस मामले में अतिरिक्त चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने अपने बयान में दावा किया कि इस घोटाले में एक हजार करोड़ रुपये की हेराफेरी हुई है। इस नई चार्जशीट में कुल आठ नए नाम जोड़े गए हैं। दो अगस्त को ईडी ने राशन घोटाले में देगंगा के तृणमूल नेता अनीसुर रहमान और उनके भाई अलिफ नूर उर्फ मुकुल रहमान को गिरफ्तार किया था। इन दोनों के नाम भी अतिरिक्त चार्जशीट में शामिल हैं। इसके अलावा, चार्जशीट में दो और राशन डीलरों के नाम दर्ज हैं। ईडी का दावा है कि ये दोनों डीलर व्यापारिक कारणों से रहमान भाइयों से जुड़े हुए थे। साथ ही, इनसे संबंधित चार कंपनियों का भी चार्जशीट में उल्लेख किया गया है। इस छापेमारी के दौरान ईडी अधिकारियों की जांच जारी है और घोटाले से जुड़े और तथ्य उजागर होने की संभावना है।

## मध्य प्रदेश में ठंड की दस्तक शुरू, पचमढ़ी में रात का तापमान 17 डिग्री से कम

- प्रदेश में 25 अक्टूबर से पूर्वी हिस्से में बारिश के आसार

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की वजह से अभी भी कई जिलो में बारिश का दौर जारी है। साथ ही ठंड की दस्तक भी हो गई है। ज्यादातर जिलों में रात का तापमान 20 डिग्री से कम है। इनमें जबलपुर, खजुराहो, पचमढ़ी, मंडला, नौगांव, रीवा, टीकमगढ़, उमरिया, मलाजखंड, रायसेन शामिल हैं। पचमढ़ी में रात का



तापमान सबसे कम 17 डिग्री के नीचे है। यहां दिन और रात दोनों ही सबसे ठंडे हैं। ऐसा ही मौसम आगे भी बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 3 सिस्टम का असर है। लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) और साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की वजह से पिछले 8 दिन से राज्य के दक्षिणी हिस्से में बारिश का दौर जारी है। मंगलवार को भी कई जिलों में बारिश हुई। खंडवा में करीब पौने 2 इंच पानी गिर गया। इंदौर में शाम होते ही बारिश शुरू हुई तो आलीराजपुर भी भीग गया। जबकि राजधानी भोपाल में पूरे दिन बादल छाए रहे। प्रदेश में अगले 24 घंटे में बारिश होने का अनुमान नहीं है। एक सिस्टम बंगाल की खाड़ी में एक्टिव है। जिसका असर 25 अक्टूबर से देखने को मिल सकता है। खासकर पूर्वी हिस्से के जिलों में गरज-चमक और बादल की स्थिति बन सकती है। वहीं, दिन में कई शहरों में गर्मी का असर भी देखने को मिल रहा है। मंगलवार को खजुराहो में पारा 36.8 डिग्री, ग्वालियर-गुना में 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। जबकि पचमढ़ी में सबसे कम 27.6 डिग्री तापमान रहा।

## स्कूल वैन सोन नदी में गिरी, सभी बच्चे सुरक्षित

एजेंसी

**सक्ती/रायपुर :** हसौद थाना क्षेत्र के पिसौद में बच्चों से भरी स्कूल वैन आज बुधवार सुबह सोन नदी में पलट कर गिर गई।सूचना मिलते ही गांव के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और वैन में सवार सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। सभी बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। जिस समय ये घटना हुई उस समय गाड़ी में लगभग 15 बच्चे सवार थे। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक घटना सक्ति के हसौद थाना क्षेत्र के पिसौद गांव की है। बुधवार सुबह हैप्पी पब्लिक स्कूल हसौद का स्कूली वाहन बच्चों को लेकर जा रही था । उसी दौरान सोन नदी पर बने ब्रिज से गुजरने के दौरान वैन नदी में पलटकर गिर गई और पानी में डूब गई । हादसा के वक्त वैन में 15 बच्चे सवार थे ।जिन्हें मौके पर मौजूद ग्रामीणों की मदद से समय रहते बाहर निकाला गया। इस हादसे में कई बच्चे घायल है,जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है ।सभी बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं ।मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# शुरूआती कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार में लगातार उतार-चढ़ाव होता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर-नीचे होती रही। शुरूआती कारोबार में फिलहाल खरीदारों का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में




से बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, बजाज ऑटो और अडाणी इंटरप्राइजेज के शेयर 5 प्रतिशत से लेकर 1.46 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एनटीपीसी, आयशर मोटर्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, ओएनजीसी और श्रीराम फाइनेंस के शेयर 2.14 प्रतिशत से लेकर 1.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,361 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,459 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 902 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 299.59 अंक टूट कर 79,921.13 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिससे इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक गिर कर 79,891.68 अंक तक पहुंचा, वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने 80,441.06 अंत तक छलांग भी लगाई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 141.89 अंक की बढ़त के साथ 80,362.61 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 93.95 अंक टूट कर 24,378.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक ने जल्दी ही हरे निशान में अपनी जगह बना ली। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक दोबारा लाल निशान में गिर गया, लेकिन ये कमजोरी अधिक देर तक नहीं टिकी। इस गिरावट के बाद बाजार में एक बार फिर खरीदारी शुरू हो गई, जिससे ये सूचकांक वापस हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 45.75 अंक की मजबूती के साथ 24,517.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 930.55 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,220.72 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 309 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,472.10 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मकान में लगी आग, चार घायल एक की मौत

**नई दिल्ली :** दक्षिण पश्चिम जिले के किशनगढ़ इलाके में बुधवार तड़के एक मकान में आग लग गई। घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल हैं और एक की मौत हो गई है। मामले की सूचना मिलने पर लोकल पुलिस के अलावा दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बुझाने के दौरान पुलिस की मदद से दमकलकर्मियों ने पांच लोगों को घर से बाहर निकाल कर तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। घायलों की पहचान सफदरजंग अस्पताल में भर्ती अनीता मंडल (40), लक्ष्मी मंडल (42), दीपक (20) और एम्स में भर्ती सनी मंडल (22) के रूप में हुई है। वहीं आकाश मंडल (16) की हादसे में मौत हो गई है। शुरूआती जांच में पता चला है कि लक्ष्मी मंडल निजी माली का काम करते है। जबकि उसके दो बड़े बेटे ब्लिंकिट में काम करते हैं, जबकि छोटा बेटा पढ़ाई कर रहा था। जबकि पत्नी अनीता मंडल गृहिणी हैं। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार तड़के 3:27 बजे सूचना मिली कि नंद लाल भवन, शनि बाजार रोड, किशनगढ़ में आग लग गई है। खबर मिलते ही पुलिस खौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि मकान की चौथी मंजिल पर दो कमरों में आग लग है। दो फायर टेंडर और 3 पीसीआर. वैन मौके पर पहुंची। सभी एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया। सभी घरेलू सामान जल गए हैं।

### डीआरजी जवान के भाई पर अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**दंतेवाड़ा/रायपुर :** जिले के हिरोली गांव में डीआरजी जवान के घर में अज्ञात लोगों ने घुसकर उनके भाई पर धारदार हथियार से कई वार किए। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच नक्सल गतिविधियों और व्यक्तिगत रंजिश दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार देर रात डीआरजी जवान के घर अज्ञात हमलावर घुस गए और उनके भाई लक्ष्मण कुंजाम पर धारदार हथियार से से कई वार किए ।आरोपित लक्ष्मण को मृत समझकर वहां से फरार हो गए। घटना के दौरान हमलावरों ने ह्ललाल सलामह्व के नारे भी लगाए ।घटना के बाद परिजनों ने लक्ष्मण को तुरंत किरंदुल अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उसकी हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल रेफर किया गया ।उसकी हालात गंभीर बताई गई है।

### एमआई बिल्डर के सोलह ठिकानों पर इनकम टैक्स टीमों की सघन जांच

**लखनऊ :** नई दिल्ली एनसीआर और लखनऊ में आज तक पच्चीस प्रोजक्ट पर कार्य कर चुके एमआई बिल्डर के विरुद्ध आयकर चोरी की शिकायत मिलने पर इनकम टैक्स विभाग की टीमें सघन जांच में जुटी है। लखनऊ में हजरतगंज स्थित मुख्य कार्यालय, गोमती नगर स्थित आवासीय कार्यालय सहित सोलह जगहों पर इनकम टैक्स के अधिकारियों की तीन टीमें फाइलें जांच रही हैं। एमआई बिल्डर के मालिक कादिर अली के गोमती नगर स्थित आवास पर पहुंचें इनकम टैक्स के अधिकारियों ने बिना बेल बजाये ही मकान में प्रवेश किया। इसके बाद अंदर से लॉक कर जांच आरम्भ कर दी। बिल्डर कादिर अली और उनके समर्थकों में इनकम टैक्स विभाग की जांच टीम के पहुंचने की सूचना पहुचते ही हड़कम्प मच गया। बुधवार की सुबह सात बजे से इनकम टैक्स के अधिकारी एमआई बिल्डर के पुराने व नये लेनदेन की फाइलों को खंगाल रहे हैं। इसमें लखनऊ में बनाये जा रहे एमआई रॉयल कोर्ट, एमआई रिट्रीट सेंटर, एमआई गार्डन जैसे नये प्रोजक्ट की फाइलें भी हैं। एमआई बिल्डर के यहां सघन जांच की जानकारी शहर में फैलते ही अभी तक नये प्रोजक्ट को बेचने के लिए ग्राहकों से वार्ता कर रहे एजेंटों ने अपने फोन स्विच आफ कर लिये हैं। इनकम टैक्स की तीन टीमों के अलग-अलग स्थानों पर पहुंचने और जांच करने के दौरान कादिर और उनके पार्टनरों ने भी फोन उठाने बंद कर दिये हैं। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स की करोड़ों रुपये की सूचना मिलने पर इनकम टैक्स विभाग जांच कर रहा है।

### रेलवे त्योहारों पर चलाएगा आठ फेस्टिवल स्पेशल रेलगाड़ियां

**मुरादाबाद :** मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बुधवार को बताया कि दीपावली, छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए आठ फेस्टिवल स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। जिसमें रेलगाड़ी संख्या 04608/04607 जम्मू तवी-हावड़ा-जम्मूतवी आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस, 04680/4679 श्री माता वैष्णो देवी कटरा कामाख्या श्री माता वैष्णो देवी कटरा आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 04662/04661 अमृतसर सहरसा अमृतसर आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 04520/04519 अंबाला कैंट- दरभंगा-अमृतसर आरक्षित फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा। सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 04608 जम्मूतवी-हावड़ा फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 30 अक्टूबर और चार नवंबर को जम्मूतवी से चलेगी। 04607 1 नवंबर और 6 नवंबर को हावड़ा से चलेगी। ट्रेन संख्या 04680 श्री माता वैष्णो देवी कटरा कामाख्या फेस्टिवल एक्सप्रेस 28 अक्टूबर और 2 नवंबर को श्री माता वैष्णो देवी कटरा से चलेगी, 04679 कामाख्या श्री माता वैष्णो देवी कटरा 31 अक्टूबर और 5 नवंबर को कामाख्या से चलेगी। 04662 अमृतसर-सहरसा 29 अक्टूबर और 3 नवंबर को अमृतसर से चलेगी, 04661 सहरसा अमृतसर 31 अक्टूबर और 5 नवंबर को सहरसा से चलेगी। 04520 अंबाला कैंट दरभंगा 25 अक्टूबर को अंबाला कैंट से चलेगी 04519 दरभंगा अमृतसर 26 अक्टूबर को दरभंगा से चलेगी।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**कामरूप (असम) :** कामरूप (ग्रामीण) जिले के रंगिया में हुई एक सड़क दुर्घटना में साइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि बीती रात रंगिया के मरानजान इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर ई-रिक्शा और साइकिल के बीच हुए आमने-सामने की टक्कर में साइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कमलपुर निवासी शंभू कलिता (60) के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची रंगिया यातायात पुलिस की टीम ने मृत व्यक्ति के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### ट्रक रिवर्स लेते समय पेड़ में फंसा खलासी, मौत

**पाली :** सदर थाना इलाके में मंडिया रोड शंकर नगर से पुनायता की तरफ जाने वाले रास्ते पर में कपड़ों की गांठों से भरे एक ट्रक को रिवर्स लेते समय 55 साल का खलासी ट्रक के केबिन से मुंह बाहर निकालकर ड्राइवर को रास्ता बता रहा था। इस दौरान कंडक्टर का सिर पेड़ से टकराकर दो बड़ी टहनियों में फंस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। लोग एकत्रित हुए तो ड्राइवर ने ट्रक दौड़ा दिया। घटना स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर ट्रक से शव नीचे गिर गशा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया और फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू की। सदर थाने के एसएचओ अनिल कुमार ने बताया कि मंगलवार रात को सूचना मिली कि पाली शहर के मंडिया रोड शंकर नगर से पुनायता की तरफ जाने वाले रास्ते पर शव पड़ा है। जिसके सिर पर चोट लगी हुई थी। लोगों ने बताया कि पुनायता औद्योगिक क्षेत्र में मेघा टाउनशिप के पास ड्राइवर ट्रक को रिवर्स ले रहा था और 55 वर्षीय कन्नौज निवासी खलासी सुभाष पुत्र सीयाराम ट्रक के केबिन से सिर बाहर निकाल उसे रास्ता बता रहा था। इस दौरान सड़क किनारे खड़े पेड़ से खलासी का सिर टकरा गया ओर पेड़ की दो बड़ी टहनियों में उसका सिर फंस गया। यह देख आस-पास के लोग चिल्लाए। जिससे ट्रक ड्राइवर घबरा गया और ट्रक को दौड़ा दिया। इस दौरान घटना स्थल से करीब एक किमी दूर शंकर नगर से पुनायता की तरफ जाने वाले रास्ते पर खलासी का शव सड़क पर गिर गया। उसके बाद भी ड्राइवर रूका नहीं।

### बीएचयू में चार नवम्बर से चलेगा ठोस कचरा प्रबंधन पर व्यापक अभियान

**वाराणसी :** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर को स्वच्छ सुंदर बनाने और ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने ठोस योजना बनाई है। इसके लिए व्यापक मुहिम की शुरूआत चार नवम्बर से होगी। मुहिम में विश्वविद्यालय परिसर स्थित हर घर से कचरा इकट्ठा कर ठोस कचरा प्रबंधन किया जाएगा। सफाई एवं सहायक सेवाएं इकाई की पहल पर इस अभियान के अंतर्गत विभाग के कर्मचारी हर सुबह प्रत्येक घर से कचरा एकत्रित करेंगे। इस अभियान की सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण है स्रोत पर ही कचरे को उसके प्रकार के आधार पर अलग अलग करना। सफाई एवं सहायक सेवाएं इकाई इस संबंध में विश्वविद्यालय परिसर में रहने वालों को जागरूक करने के लिए कार्य कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### केशरपुर चेक नाका पर वाहन जांच के दौरान 5.56 लाख रुपया जब्त

**जमशेदपुर :** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र केशरपुर के चेक नाका से एसएसटी टीम को लगातार सफलता मिल रही है। गालूडीह थाना क्षेत्र के अंतरराज्यीय सीमा के केशरपुर में मंगलवार को गालूडीह थाना क्षेत्र के केशरपुर में लगाया गया चेकनाका पर पुलिस अधिकारी द्वारा जांच के क्रम पिकअप वैन संख्या जेएच 10 सीएक्स 2960 से एक लाख 6 हजार हजार रुपया बरामद किया। धनबाद के बाघमारा से गालूडीह जा रहे पिक-अप वैन के चालक अखिलेश प्रसाद से यह रुपया बरामद किया गया।

चालक ने निजी राशि बताते हुए सामग्री लाने की बात कही। दूसरी ओर मंगलवार को ही एक कार से 4 लाख 50 हजार रुपया पुलिस ने जब्त किया। पुलिस इसकी सघनता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी कुमार इंद्रेश ने बताया कि पिक-अप वैन से बरामद रुपया नियमानुसार जब्त कर लिखित जानकारी वरीय अधिकारी को दी गई। उन्होंने कहा कि इस चेकनाका पर तैनात टीम सबसे बेहतर काम कर रही है।

### सरायकेला में डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर पहुंचे डीसी व एसपी

**सरायकेला :** सरायकेला-खरसावां के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत तथा उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार ने मंगलवार को विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर डिस्पैच सेंटर एवं रिसिविंग सेंटर के रूप में चिन्हित काशी साहू कॉलेज एवं वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने डिस्पैच हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीएस आशीष कुमार अग्रवाल , निदेशक डीआरडीए अजय कुमार तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, अनुमंडल पदाधिकारी चांडिल, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम अलग करने का काम शुरू

**जमशेदपुर:** विधानसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने को लेकर ईवीएम के प्रथम रेंडमाइजेशन के बाद विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम को भौतिक रूप से अलग-अलग करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कीताडीह स्थित ईवीएम वेयर हाउस पहुंचकर उक्त कार्य का अवलोकन किया। सभी ईवीएम भौतिक रूप से अलग-अलग करते हुए छह विधासनभा क्षेत्र के संबंधित स्ट्रांग रूम में रखे जाएंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप निर्वाचन संबंधी सभी कार्य समय से पूरा कर लिया जाए। दूसरा रेंडमाइजेशन एक नवंबर को प्रस्तावित है, जिसमें राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बूथवार ईवीएम आवंटित किए जाएंगे। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशित मानकों के आलोक में वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान वेयर हाउस में लगे हुए सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र व पंप हाउस की भी जांच की गई। वेयरहाउस में ईवीएम के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि 44-बहरागोड़ा, 45-घाटशिला एवं 46-पोटका विधानसभा का ईवीएम डिस्पैच एलबीएसएम कॉलेज से तथा 47-जुगसलाई, 48-जमशेदपुर पूर्व, 49- जमशेदपुर पश्चिम के ईवीएम डिस्पैच को-ऑपरेटिव कॉलेज, जमशेदपुर से किए जाएंगे। सभी छह विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम रिसिविंग सेंटर के रूप में को-ऑपरेटिव कॉलेज को चिन्हित किया गया है, जहां मतगणना होगी। इस दौरान मौके पर उप नगर आयुक्त जेएनएसी, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस के जिला सचिव ने थामा झापा का दामन



**सिमडेगाः** जैसे-जैसे चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे झापा का परिवार भी बढ़ रहा है। कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सहित कई लोगों ने झारखंड पार्टी पर विश्वास जताते हुए पार्टी का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने सभी लोगों को पार्टी का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। पार्टी का दामन थामने वालों में कांग्रेस के जिला सचिव जयवंत बारला,मो एहतेशाम उर्फ चरखु, गोपी प्रसाद,जॉन लकड़ा,राज कुमार महतो,मो निसार सहित कई लोग शामिल थे।

### बिजली की चपेट में आने से किसान की मौत

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के उचरी गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 55 वर्षीय किसान बुद्धू उरांव की मौत हो गई। यह घटना सुबह लगभग 10 बजे की है, जब बुद्धू उरांव अपने धान के खेत की ओर फसल देखने गए थे। खेत में काम करने के दौरान उनके ऊपर अचानक ग्यारह हजार वोल्ट का बिजली का तार गिर गया। बिजली के तार की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। बुद्धू उरांव एक मेहनती किसान थे, और उनके परिवार में उनकी पत्नी और सात बेटे हैं।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या की कोशिश, हालत गंभीर

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के कठचांचो गांव में मंगलवार सुबह एक व्यक्ति ने पत्नी से विवाद के बाद आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के अनुसार, 25 वर्षीय रंजीत महतो ने पत्नी से फोन पर हुई कहासुनी के बाद गुस्से में घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। रंजीत की पत्नी मायके में थी और फोन पर हुई बातचीत के बाद उसने यह कदम उठाया। सुबह करीब 10 बजे घटना घटित हुई, जब रंजीत ने कीटनाशक पीने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने तत्काल उसे मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। रंजीत के परिवार में उसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं। समाचार लिखे जाने तक रंजीत की स्थिति चिंताजनक बनी हुई थी।

### जगन्नाथपुर चेकपोस्ट पर बाइक से 1.37 लाख रुपए बरामद

**चाईबासा :** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए चाईबासा जिला प्रशासन चौकस है। जिले के अंतरराज्यीय व अंतरजिला चेकपोस्टों पर वाहनों की सघन जांच की जा रही है। मंगलवार को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के जैतगढ़ अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर एसएसटी की टीम ने वाहनों की जांच के क्रम में एक बाइक की डिक्की से थैले में रखे 137180 रुपए बरामद किए। रुपए जब्त कर जगन्नाथपुर थाना पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# चुनाव प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका अधिक

**मेट्रो रेज**




**सिमडेगाः** विधानसभा आम चुनाव -2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों, सोशल मीडिया इंफ्लून्सेर / यूटूबर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में उन्होंने जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स से मतदाताओं को जागरूक करने में सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों व इंफ्लुएंर्स की यह बैठक हमें वोट प्रतिशत बढ़ाने, युवा मतदाताओं को प्रेरित करने के साथ-साथ कम मतदान वाले क्षेत्रों में विभिन्न इंटरनेट मीडिया मंचों पर प्रचार और प्रसार में हमारी मदद करेगी। आगे उन्होंने कहा कि पहले तो नहीं पर 2024 में सोशल मीडिया एक बहुत ही शक्तिशाली एवं प्रभावशाली उपकरण है। एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और वाट्सएप जैसे मंचों पर बड़ी संख्या में उपयोगकर्ता हैं। जिसके माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा सकता है। इस दौरान सभी मीडिया प्रतिनिधियों, इनफ्लुएंर्स ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी ने अपने अपने विचार रखे। संगीत, रील्स, ब्लागर के माध्यम से, तो किसी ने लघु फिल्म के माध्यम से जागरूक करने का सुझाव दिया।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि सोशल मीडिया में किसी पार्टी विशेष या किसी उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने खबरों या मैसेज का प्रसारण होने पर खबर प्रसारित करने वाले पर आचार संहिता उलंघन के तहत कड़ी करवाई की जाएगी। मौके पर

एलआरडीसी -सह- नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग श्रीमती अरुणा कुमारी, जिला नियोजन-सह- प्रभारी पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी श्री पलटू महतो, सहित अन्य पदाधिकारी गण, सभी मीडिया प्रतिनिधियों, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर व पुलिस पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## सिमडेगा पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब किया बरामद, एक को किया गिरफ्तार




**मेट्रो रेज**

**सिमडेगाः** विधानसभा चुनाव के दौरान चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं दूसरा व्यक्ति फरार हो गया।

इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजु उरांव ने प्रेस वार्ता कर मंगलवार की शाम कार्यालय में जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की बिक्री की जा रही है ।सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु दोनों व्यक्तियों के घर में छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान अवैध अंग्रेजी शराब की बरामद की गई। इस मामले में कोलेबिरा थाना में मामला दर्ज किया गया तथा मौके पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरा फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि उन दोनो पास से कुल मिलाकर छोटा बड़ा 29 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 31 बोतल बीयर बरामद किया है वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को लेकर लगातार इस प्रकार का अभियान चलाया जाएगा ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार से चुनाव को प्रभावित न कर सके।

## 10 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**ओडिसा से गया की जा रही थी गांजा की तस्करी**



**सिमडेगाः** गांजा तस्करी मामले में सिमडेगा पुलिस को लगातार तीसरे दिन मिली बड़ी सफलता। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक यात्री बस से करीब 10 किलो गांजा सहित तीन तस्कर को किया गिरफ्तार।

एसडीपीओ बैजू उरांव ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बांसजोर ओपी क्षेत्र के खम्मन टांड़ में इंटर स्टेट चेकपोस्ट बनाए गए हैं। यहां वाहन जांच के दौरान ओडिसा से गया जा रही ओएसआरटीसी नामक यात्री बस से पुलिस को 9 किलो 42 ग्राम गांजा मिला। जो बिहार निवासी सुरेंद्र कुमार, तुलसी मिस्त्री और उदय चौधरी ओडिसा से लेकर गया जा रहे थे। चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस कर्मियों ने वरीय पदाधिकारी को सूचित की गई। जिसके बाद एसपी सिमडेगा द्वारा उक्त सूचना के आलोक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उराँव के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया ।टीम के द्वारा तस्करों से तीन अलग-अलग बैगों में कुल 9 किलो 42 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गांजा के अलावा तीन मोबाइल एवं ?2300 नगद रुपया बरामद किया गया। गौरतलब हो 2 दिन पूर्व गुप्ता नामक बस से 27 किलो गांजा बरामद किया था जिसमें एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था इसके अलावा दूसरे दिन जय बाला बस से 40 किलो गांजा बरामद किया था जिसमें तस्कर फरार हो गए थे वहीं तीसरे दिन पुलिस को फिर सफलता मिली।

## डॉ विजय गागराई चक्रधरपुर विधानसभा सीट से अपनी भाग्य आजमायेंगे

**कल करेंगे अपना नामांकन**



**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में विगत कई वर्षों से निरंतर सामाजिक कार्यों के साथ-साथ अपनी दमदार सहभागिता निभाने वाले लोकप्रिय पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव एवं समाजसेवी डॉ0 विजय गागराई विधानसभा चुनाव 2024 में चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र से अपना भाग्य आजमायेंगे। इसकी घोषणा उन्होंने आज से कई दिन पूर्व भी की थी और अपने आवास पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भी उन्होंने पुनः इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि वे विगत कई वर्षों से चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्रामीण, सुदूर एवं आम लोगों के साथ जनसहभागिता के फलस्वरूप कई जनसमस्याओं का निराकरण हेतु निरंतर जुटे रहें और आम लोगों का उन्हें व्यापक जनसमर्थन भी मिला। जन दबाव के फलस्वरूप उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ना पड़ रहा है लोगों की यह अपेक्षा है कि विधानसभा चुनाव में वे अपना नामांकन करें। जनसमर्थन उनके साथ है। गौरतलब हो कि डॉ0 विजय गागराई विगत काफी समय से पुरे क्षेत्र में व्यापक रूप से लोगों से उनकी समस्या जानने के पश्चात उसके निस्पादन हेतु हर संभव प्रयास किया और इसी का यह परिणाम है कि वे लोगों के बीच जनप्रिय हैं और वे विधानसभा चुनाव 2024 में उतरने का मन बनाया है। 24 अक्टुबर को वे अपने समर्थकों के साथ नामांकन हेतु पहुंचेंगे और अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

## संवैधानिक पद की मयार्दा तार-तार कर रहे रघुवर दास : डॉ. अजय



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास पर संवैधानिक पद की मयार्दा का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त है। अपने आवास पर पार्टी नेताओं के साथ बैठकें कर रहा है तथा दिशा-निर्देश दे रहा है। डॉ. अजय कुमार मंगलवार को मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी मिलने के बाद उन्होंने एवं कांग्रेस पार्टी ने इस मामले में राष्ट्रपति, भारत निर्वाचन आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी (उपायुक्त) को शिकायत दर्ज करायी।

दिल्ली में कांग्रेस नेता जयराम रमेश एवं अन्य ने चुनाव आयोग एवं राष्ट्रति के यहां शिकायत की चिट्ठी भेजी है। डॉ. अजय ने दोहराया कि रघुवर दास को अगर चुनाव लड़ना है अथवा प्रचार-प्रसार करना है तो संवैधानिक पद की साख का ख्याल करते हुए इस्तीफा देकर राजनीतिक गतिविधियां करें। लेकिन जब संवैधानिक पद की गरिमा तार-तार होगी, मयार्दा का ख्याल नहीं किया जाएगा, तो इसकी शिकायत हर स्तर पर की जाएगी। यहां तक उनकी हर गतिविधि पर वे नजर रखेंगे। इसके लिए वीडियोग्राफर बहाल करेंगे। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नगर कार्यकारी जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष नट्टू झा, समेत अन्य मौजूद रहे।

# चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी, भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद



**चाईबासाः** जिले में नक्सलियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इस दौरान पश्चिम सिंहभूम जिला पुलिस जवानों को लगातार सफलता मिल रही है। सोमवार 21 अक्टूबर को जिला पुलिस सीआरपीएफ, सैट, झारखंड जगुआर की संयुक्त अभियान दल द्वारा सर्च अभियान के दौरान कराईकेला थाना अंतर्गत केराबीर पहाड़ी की उत्तरी तलहटी में कुजुर्ली गांव के बांद्रागाड़ा टोला के समीप दो नक्सल डंप से 3 रछफ मैगजीन और 125 पीस 7.62 अम्युनेशन बरामद किया गया।

मामले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के गिरोह के सदस्यों के द्वारा कोल्हान, सारंडा, पोड़ाहाट क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए घूमने की सूचना मिली थी, जिसमें संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन के नाम शामिल है। इस सूचना के बाद जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बीएन, 203 बीएन, 205 बीएन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बीएन, 197 बीएन, 157 बीएन, 174 बीएन, 193 बीएन, 157 बीएन, 134 बीएन, 26 बीएन,11 बीएन की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है।

इस क्रम में 21 अक्टूबर 2024 से अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), चाईबासा के नेतृत्व में झारखंड जगुआर, सीआरपीएफ 157 इठ और सैट-58 की एक संयुक्त टीम कराईकेला थाना अंतर्गत ग्राम भरनिया, लक्ष्मीपोसी, बांझीकुसुम, कराईकेला, कनसोरा, इन्दुवा, जोजोदागढ़ा, बांद्रागाडा, कुला के जंगली, पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया गया, जिसमें 21 अक्टूबर 2024 को कराईकेला थाना अंतर्गत केराबीर पहाड़ी की उत्तरी तलहटी में कुजुर्ली गांव के बांद्रागाड़ा टोला के समीप दो नक्सल डम्प से तीन मैगजीन, 125 पीस के साथ 7.62अम्युनेशन बरामद कर जब्त कर लिया गया। इस अभियान दल का नेतृत्व पारस राणा, भा०पु०से०, आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर एजी-03 कंपनी, सीआरपीएफ 157 बीएन की डेल्टा कंपनी, सैट-58 ने किया।